तापमान
अधिकतम 44.2 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार 25 मई 2026


जवाली नाला की सड़क से लोहा गायब।






## खबर संक्षेप

### जैन समाज आज करेगा कार्रवाई की मांग

**बिलासपुर।** निहार से वापस होते समय रीवा मध्यप्रदेश में समाधि सम्राट आचार्यश्री विद्यासागर महाराज की सुयोग्य शिष्या एवं आचार्यश्री समयसागर महराज की अज्ञानुवर्ती पूज्य 105 श्रुत माताजी एवं पूज्य 105 उपशम मति माताजी का एक घटना में "समाधि मरण" हो गया है। इस हेतु संपूर्ण जैन समाज में शोक की लहर व्याप्त है। सोमवार 25 मई को सुबह साढ़े 10 बजे जैन समाज के लोग एक साथ कलेक्टर ऑफिस प्रांगण में एकत्रित होकर कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन एवं प्रधानमंत्री भारत सरकार को ज्ञापन सौंपकर उचित कार्रवाई की मांग की जाएगी ताकि भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो। यह जानकारी बिलासपुर जैन सभा के अध्यक्ष दीपक जैन ने दी।

### प्रयास में प्रवेश परीक्षा के मॉडल उत्तर जारी

**बिलासपुर।** जिले के प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए हुई प्रवेश परीक्षा के मॉडल आंसर जारी कर दिए गए हैं। विभागीय वेबसाइट से मॉडल उत्तर देखे जा सकते हैं। जारी मॉडल आंसर के संबंध में दावा आपत्ति आवेदक अपने गृह जिले के संबंधित सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर 30 मई तक दस्तावेजों सहित प्रस्तुत कर सकते है। बिना प्रमाण के दावा-आपत्ति अमान्य होगा एवं डाक द्वारा दावा-आपत्ति स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### ऑडिटोरियम के बाहर वाहनों की कतार



**बिलासपुर।** मिशन अस्पताल रोड स्थित लखीराम अग्रवाल ऑडिटोरिम के भीतर पार्किंग की पर्याप्त जगह होने के बाद भी वहां विभिन्न कारणों से पहुंचने वाले लोग ऑडिटोरिम के बाहर सड़क पर अपने वाहन खड़े कर रहे हैं। इसके चलते मिशन अस्पताल मार्ग जो कि काफी व्यस्ततम मार्ग है, लगातार जाम की स्थिति में होता है। इसी मार्ग पर सेकेंड हैंड दुपहिया वाहनों की बिक्री करने वालों के द्वारा भी सड़क के किनारे ही वाहन खड़ी कर दिए जाते हैं, जिससे यातायात लगातार बाधित होता है।

# अटल यूनिवर्सिटी की खाली जमीन में डंप होगा हजारों टन कचरा
## मंगला की 28 एकड़ जमीन पर बड़ा गार्डन और दूसरे प्रोजेक्ट

- मंगला के गड्डे सिल्ट निकालकर मिट्टी डालते पाटा जाएगा, प्लास्टिक को अलग करते हुए कछार भेजेंगे
- शहर भर से इकट्ठा कचरा पहले व्यापार विहार तथा बाद में सालों से मंगला में डंप किया जा रहा था

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मंगला में निगम की 28 एकड़ जमीन है जिस पर सालों से कचरा फेंका जा रहा है। इससे लोग परेशान हैं। अब निगम ने यहां से इस डंपिंग जोन को हटाकर कोनी स्थित अटल यूनिवर्सिटी की खाली जमीन पर कचरा फेंकने का फैसला लिया है। कचरा यहां फेंका भी जा रहा है। निगम के मुताबिक यहां काफी जगह खाली है और 20 फीट से अधिक बड़े गड्डे भी है। इसके साथ ही मंगला में फेंके जा रहे कचरे से प्लास्टिक को अलग करते हुए कछार स्थित ट्रीटमेंट प्लांट भेजा जाएगा। मंगला में एक बड़ा गार्डन बनाने के साथ ही दूसरे प्रोजेक्ट लांच होंगे। निगम अधिकारी इस पर काम कर रहे हैं।

मंगला में नगर निगम की 28 एकड़ 32 डिसमिल जमीन है। शहर भर से इकट्ठा कचरा पहले व्यापार विहार तथा बाद में मंगला में डंप किया जाने लगा। कचरे के कारण मंगलवासी परेशान हो रहे हैं। गंदगी और मच्छरों ने जीना दूभर कर दिया है। इसके बावजूद अधिकारी सफाई पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। अवैध रूप से कचरा डंप करने और जलाने के खिलाफ तारकेश्वर पाण्डेय ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका भी लगाई है।

**मंगला में डंप कचरा जिसे हटाया जा रहा**






### पूरे क्षेत्र में प्रदूषण की समस्या

मंगला में पॉलिथिन का कचरा एक बड़े क्षेत्र में आसपास की बस्ती तक फैला है। कई बार इसमें आग भी लग गई है। ऐसे में जब भी इस कचरे में आग लगती है तो वह बहुत तेजी से भड़क जाती है। इससे आसपास के घरों को भी खतरा है। इसके अलावा आग से उठने वाले बेहद प्रदूषित धुंए से लोगों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका है। इसके धुंए से लोग परेशान होते रहते हैं और सांस लेने में भी तकलीफ होती है। बदबू और प्रदूषण की समस्या तो लगातार बनी हुई है। कचरा जलाने पर प्रतिबंध है लेकिन इस पर रोक नहीं लग सकी।


यूनिवर्सिटी परिसर में कचरे को डंप किया जा रहा है।

### लोग हो रहे बदबू और गंदगी से परेशान

ध्यान रहे कि रतनपुर रोड में कछार के पास ट्रंचिग ग्राउंड तैयार किया गया। मकसद यह कि 15 किलोमीटर दूर कचरा डंप हो और जनता को बदबू और दूसरी दिक्कतों से राहत मिले। यहां कचरा जा भी रहा है और इसका रिसाइकिल भी हो रहा है। इसके साथ ही लेकिन शहर का कचरा मंगला, व्यापार विहार और राजकिशोर नगर में डंप हो रहा है। मंगला चौक में काफी समय से लोग परेशान है। शहर का कचरा इस क्षेत्र के लोगों के लिए बड़ी आफत बन गई है। लोगों के साथ ही निगम के कर्मचारी सुबह मंगला में नदी किनारे कचरा फेंककर आ जाते हैं। इसमें पॉलिथिन, पेड़ों के सूखे पत्ते आदि भी शामिल रहते हैं। लोगों को जहरीले धुंए का सामना शाम से लेकर सुबह तक करना पड़ता है। धुंए की वजह से लोग कूलर या पंखा तक नहीं चला पाते हैं। इससे धुआं सीधे घर के अंदर पहुंचता है।

### खाली था क्षेत्र, अब बन गईं कई कालोनियां

गौरतलब है कि पहले इस क्षेत्र में आवास नहीं थे। पर धीरे-धीरे कालोनियां या निजी भूमि पर घर बनाकर लोग निवास कर रहे हैं। जिस जमीन पर नगर निगम की गाड़ी कचरा डंप करती है वह निगम की है। पर मार्ग के किनारे होने के कारण यहां कचरा डंप को लेकर विरोध होता है। इसी विरोध के कारण बीच में डंपिंग बंद भी हो गई थी। पर अब फिर से पिछले कुछ दिनों से निगम की कचरा गाड़ी यहां पहुंच रही है और डंप कर चले जाते हैं। गंदगी व बदबू की वजह से इस मार्ग से गुजरना दुभर हो गया है। बता दें कि इस मार्ग से आगे दीनदयाल कालोनी, अभिषेक विहार समेत कई कालोनी के रहवासी गुजरते हैं। उन्हें रूमाल या गमछा बांधकर ही आवाजाही करनी पड़ रही है।

### लोगों ने की थी शिकायत

मंगला में निगम की 28 एकड़ जमीन है। यहां के लोगों के साथ ही पार्षद ने कचरा फेंकने का विरोध करने के साथ ही शिकायत दर्ज कराई थी। अब तय किया गया है कि अटल यूनिवर्सिटी की खाली जमीन पर इस कचरे को फेंका जाएगा। यहां 20 फिट से अधिक गड्ढा होने के साथ ही बड़ी जमीन है।

- **पूजा विधानी,** महापौर

### मंगला में डंप नहीं हो रहा कचरा

मंगला में कचरा डंपिग निगम द्वारा बंद कर दिया गया है। कुछ स्थानीय लोग जरूर कचरा फेंक रहे हैं। उन्हें मना किया जा रहा है। यहां के गड्ढे में सिल्ट अधिक है। उसे निकालकर मिट्टी डालते हुए गड्ढे को पाटा जाएगा और समतल किया जाएगा। फेंके जा रहे कचरे से प्लास्टिक को अलग करते हुए कछार स्थित ट्रीटमेंट प्लांट भेजा जाएगा।

- **खचांजी कुम्हार,** अपर आयुक्त

हरिभूमि की खबर का असर : कोनी थाने का मामला

# कबाड़ियों को थाने में वीआईपी ट्रीटमेंट देने वाले मुंशी और मददगार लाइन अटैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोनी पुलिस थाने में गिरफ्तार कबाड़ियों को चाय नाश्ता कराकर वीआईपी ट्रीटमेंट देने वाले मुंशी व मददगार पर कार्रवाई की गाज गिर गई है। एसएसपी ने दोनों को लाइन अटैच कर दिया है।

22 मई को एसएसपी रजनेश सिंह ने जिले के कबाड़ी दुकानों की जांच कर सख्ती से कार्रवाई का आदेश दिया गया। उसके बाद पुलिस की अलग अलग टीम ने देर रात तक जिले की 49 कबाड़ी दुकानों में दबिश देकर संदिग्ध 40 कबाड़ी दुकानों को सील कर दिया था। 23 मई को कोनी पुलिस ने छोटी स्थित दो कबाड़ी दुकानों की जांच कर लगभग 3 क्विंटल कबाड़ जब्त किया और कबाड़ी अकबर खान, मंसूर बेग को गिरफ्तार कर थाने में लाकर मुंशी कक्ष रखा गया। दोनों कबाड़ी मुंशी व मददगार के सामने बकायदा कुर्सी पर बैठे रहे। उनकी आवभगत के लिए चाय नाश्ता, ब्रांडेड पानी मंगाया गया। कबाड़ी मंसूर बेग दोनों पैर कुर्सी के ऊपर रखकर आराम से चाय नाश्ता करता रहा। उसे रोकने टोकने वाला थाने में कोई नहीं था। 24 मई को एसएसपी रजनेश सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए थाने के मुंशी प्रधान आरक्षक बालेश्वर तिवारी, मददगार आरक्षक अनुज जांगड़े को लाइन अटैच कर दिया है।


कोनी थाने के मुंशी कक्ष में गिरफ्तार कबाड़ी को मिला वीआईपी ट्रीटमेंट

हरिभूमि में 24 मई को प्रकाशित खबर।

### थाना प्रभारी पर कार्रवाई नहीं

थाने के अंदर कबाड़ियों को वीआईपी ट्रीटमेंट दिया जा रहा था और थानेदार को जानकारी नहीं थी। थाने के अंदर पीड़ित व अपराधियों से किए जाने वाले व्यवहार की सम्पूर्ण जिम्मेदारी थाना प्रभारी की होती है। थाने के अंदर घोर लापरवाही सामने आने के बाद भी थाना प्रभारी को अभयदान दे दिया गया है।

### थाना प्रभारी थाने से बाहर थी

थाने में कबाड़ियों को चाय नाश्ता कराने पर मुंशी प्रधान आरक्षक व मददगार आरक्षक को लाइन अटैच कर दिया गया है। 23 मई को थाना प्रभारी सुबह से शाम तक थाना से बाहर थी। उसके नहीं रहने से ऐसी घटना हुई है।

- **पंकज कुमार पटेल** एडीशनल एसपी

# सड़क पर लिया ब्लड सैंपल, सीएमएचओ ने जारी किया नोटिस

**बिलासपुर।** शहर में सड़क पर मरीजों के ब्लड और यूरिन सैंपल लेने के अलावा बिल्हा सीएचसी के डाक्टर द्वारा पीएम नहीं करने को लेकर मचे बवाल के बीच सीएमएचओ डॉ शुभा गरेवाल अब एक्शन के मूड में हैं। दोनों ही मामले में संबंधितों को नोटिस जारी किया गया है। वहीं शहर के डाग्नोसिटिक सेंटरों को सैंपल लेने में लापरवाही ना बरतने की नसीहत दी गई है। नियमों का पालन नहीं करने पर नर्सिंग होम एक्ट के तहत कार्रवाई की बात कही गई है।

कुछ दिन पहले चलते फिरते पैथोलैब का वीडियो जोरों से वायरल हुआ था, इसमें एक युवक बाइक पर मरीज को बैठाकर ब्लड सैंपल लेता नजर आ रहा था। वीडियो वायरल होने के बाद भी हरिभूमि की टीम ने पड़ताल की तो पता चला कि रायपुर लोधीपारा स्थित सेज पैथोलैब का सेल्स एग्जीक्यूटिव नरेन्द्र पात्रे नामक युवक द्वारा अनअधिकृत पैथोलैब द्वारा ब्लड सैंपल कलेक्ट किया गया है। इस मामले में सीएमएचओ कार्यालय द्वारा बताया गया है कि संबंधित सेज पैथोलैब का बिलासपुर में कोई सेंटर नहीं है और ना ही कार्यालय द्वारा ऐसे किसी लैब को मान्यता दी गई है, जिससे यह बात साबित होता है कि अनाधिकृत लैब द्वारा सैंपल कलेक्शन किया जा रहा है। इसे ही संज्ञान में लेते हुए सीएमएचओ ने सभी पैथोलैब को दिशा निर्देश जारी किया गया है, इस तरह का कृत्य पाए जाने पर नर्सिंग होम एकट के तहत कार्रवाई तय की जाएगी। वहीं सीएमएचओ ने बिल्हा साामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मृतक का पीएम नहीं करने के मामले में डाक्टर डॉ एआर बंजारे को नोटिस दे दिया है। मामले में सीएमएचओ ने डाक्टर बंजारे को जवाब देने के लिए कहा है। दरअसल आशीष लोधी पिता महावीर लोधी ने फांसी लगाकर 17 मई को खुदकुशी कर ली। पुलिस ने शव को बिल्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजवा दिया, लेकिन डाक्टर बंजारे ने पीएम करने से मना कर दिया था इसके बाद परिजन पीएम के लिए 15 किमी दूर सिम्स पहुंचे थे। डाक्टर द्वारा पीएम नहीं करने और परिजनों को प्रताड़ित करने का मामला तुल पड़ चुका है। जिसके बाद सीएमएचओ ने संबंधित डाक्टर पर कार्रवाई का मन बना लिया है।


डॉक्टर की मनमानी, पीएम करने के बजाय परिजनों को भेजा सिम्स

बाइक पर मरीज को बैठाकर ब्लड सैंपल लेते दिखा युवक

हरिभूमि में 19 और 21 मई प्रकाशित खबर।

खबर का असर

### लापरवाही बर्दाश्त नहीं

मरीजों के स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दोनों ही मामलों में संबंधितों को नोटिस जारी किया गया है। हम स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर निगरानी बढ़ाने पर विचार कर रहे है। कार्रवाई तय की जाएगी।

- **डॉ शुभा गरेवाल,** सीएमएचओ स्वास्थ्य विभाग

# किसानों को डिब्बे व जरीकेन में भी डीजल देने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




- खेती-किसानी को ध्यान में रखकर लिया गया निर्णय
- किसानों को मिल सकेगी बड़ी राहत

रबी सीजन में फसल की कटाई एवं आगामी खरीफ की जुताई को ध्यान में रखकर किसानों में डीजल की मांग को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा किसान हित में निर्णय लिया गया है। इसके अंतर्गत किसानों को डीजल पंपों से डिब्बे व जरीकेन में भी डीजल लेने की छूट प्रदान की गई है। गांव में इन दिनों ट्रैक्टर की व्यस्तता बढ़ गई है, जिससे इस निर्देश के बाद किसानों को खेती का काम छोड़कर डीजल पंपों में डीजल के लिए लंबी लाईन लगाने से छूट मिल सकेगी।

पेट्रोल व डीजल के लिए चारों ओर मारामारी के बीच जिला प्रशासन ने किसानों को एक बड़ी राहत दी है। प्रशासन द्वारा एक निर्देश जारी किया गया है, जिसमें खेती-किसानी के लिए किसानों को डिब्बे व जरीकेन में भी डीजल पंपों से डीजल देने की छूट प्रदान की गई है। प्रशासन द्वारा दी गई छूट में समस्त रेल्वे, सड़क निर्माण, भवन निर्माण तथा समय सीमा में पूर्ण किए जाने वाले सभी शासकीय कार्य तथा अस्पताल व मोबाईल टावर को भी डिब्बों व जरीकेन में डीजल उपलब्ध करा देने की छूट में शामिल किया गया है।

### मात्रा का कोई उल्लेख नहीं

किसानों को पेट्रोल पंपों से डिब्बे व जरीकेन में डीजल देने के निर्देश तो जारी किए गए हैं, लेकिन उक्त निर्देश में मात्रा का कोई उल्लेख नहीं किया गया है। ऐसे में यह डीजल पंपों में विवाद या बहस का विषय हो सकता है। हालांकि प्रशासन द्वारा किसानों को आवश्यकतानुसार डीजल उपलब्ध करा देने की बात कही गई है।

### दिए गए हैं निर्देश

रबी फसल की कटाई एवं जल्द ही खरीफ की जुताई व बोनी को ध्यान रखते हुए किसानों को खेती जैसे अति आवश्यक कार्य के लिए डिब्बे या जरीकेन में डीजल देने की छूट प्रदान की गई है। इस दौरान किसान की मांग एवं पंप में डीजल की उपलब्धता के हिसाब से डीजल दिया जा सकता है।

- **अमृत कुजूर,** खाद्य नियंत्रक

### शहर से बाहर के पंपों में ट्रैक्टरों की कतार

रबी की कटाई एवं इसके तत्काल बाद खरीफ की जुताई होनी है। इन सब कामों के लिए ट्रैक्टर को डीजल की बड़ी मात्रा चाहिए, जिसके लिए पंपों में किसान अपने टैक्टर सहित लंबी लाईन में खड़े नजर आ रहे हैं। चूंकि शासन के पूर्व निर्देशानुसार डिब्बे या जरीकेन में किसी को भी डीजल या पेट्रोल नहीं देना है, ऐसे में किसानों को भी डीजल के लिए अपना ट्रैक्टर लेकर जाना पड़ रहा था, लेकिन लंबी लाईन में अपनी बारी आते तक लंबा समय लग रहा था, जिससे खेती का काम भी छूट रहा था। ऐसे में इस निर्देश के बाद किसानों को बड़ी राहत मिल जाएगी। टैक्टर खेत में अपना काम भी करता रहेगा, वहीं परिवार के सदस्य पंप जाकर जरीकेन से डीजल की व्यवस्था कर सकेंगे।

बिजली के लिए मचा हाहाकार

# लोड बढ़ने से खंबे व ट्रांसफार्मर में लग रही है आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गर्मी अपने चरम पर है और बिजली के ट्रांसफार्मर और केबल अब जवाब देने लगे है, यही कारण है कि आए दिन आग लगने की घटनाएं सामने आ रही है, वहीं बिजली अधिकारी चाह कर भी लोड को समायोजित करने में पस्त हो रहे हैं।

बेतहाशा गर्मी के कारण बीती रात चाँटीडीह सब्जी मंडी के कृष्णा विहार-चिंगराजपारा रोड पर अचानक रात में बिजलीं खम्भे पर आग लगी, केबल टूटकर सड़क पर जुलता रहा। इस दौरान खम्भे पर केबल जलाता देख लोग मोबाइल से विडियो बनाते रहे। करीब घण्टे डेढ़ घण्टे ये तमाशा चलता रहा इस दौरान कुछ जागरूक लोग ने फ्यूज कॉल को सूचना देने प्रयास किया लेकिन कोई रिस्पांस नहीं मिला। ऐसा ही मामला विनोबा नगर में देखने को मिला जहां एल 5 गली में ट्रांसफार्मर के नीचे लगा केबल जलने लगा, जिसके देखकर लोगों ने बिजली अधिकारियों को इसकी जानकारी दी, करीब 2 घंटे के बाद कर्मचारी पहुंचे और केबल बदलकर सप्लाई शुरू की। बताया जा रहा है कि बीती रात करबला क्षेत्र का ट्रांसफार्मर खराब हो गया, जिसके चलते कई घरों में रात भर बिजली नहीं पहुंची, पार्षद के द्वारा बिजली कर्मचारियों को सूचना दी गई, जिसके बाद रविवार की सुबह बिजली बहाल की गई है।



### गर्मी से फिलहाल राहत नहीं, पारा 44.2 डिग्री

बारिश को पूरी तरह से आने में अभी महीने भर का समय है, ऐसे में गर्मी अपने तेवर दिखा रही है। रविवार को तापमान 44.2 डिग्री दर्ज किया गया। कहा जा सकता है कि फिलहाल राहत के कोई आसार नहीं है। जहां दिन में पारा बढ़ा है, वहीं रात में भी तापमान 27 डिग्री है, जिसके चलते लोगों को रात में भी गर्मी से राहत नहीं मिल रही है। मौसम पूरी तरह से शुष्क हो चुका है, सुबह 10 बजे से शाम 8 बजे लू के थपेड़े चल रहे है, जिससे बाहर निकलने के कारण लोगों को झुलसना पड़ रहा है और लू लगने की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। डाक्टरों के अनुसार इस दौरान खान पान में अनियमिता बरतना लोगों को भारी पड़ सकता है। बिलासपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, जांजगीर चांपा और महासमुंद जैसे जिले भीषण गर्मी की चपेट में है।



## फायर सेफ्टी अभियान में पकड़े जा रहे सिलेंडर

**बिलासपुर**। रेलवे सुरक्षा बल की ओर से फायर सेफ्टी ड्राइव चलाने के साथ ट्रेनों, स्टेशन और यार्डों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है।

इस दौरान ज्वलनशील सामग्री के साथ विशेष रूप से सिलेंडर लेकर सफर करने वालों के खिलाफ रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई कर जुर्माना किया जा रहा है। सिलेंडर की कालाबाजारी रोकने के लिए रेलवे की ओर से विशेष अभियान काफी दिनों से चल रहा है। इसके साथ ही अब भीषण गर्मी के दौरान ट्रेन, स्टेशन के आसपास यार्ड व अन्य स्थानों पर आग लगने की घटना अधिक होती है। इसकी रोकथाम को देखते हुए आरपीएफ की टीम यात्री ट्रेन, स्टेशन व यार्ड में विशेष फायर सेफ्टी ड्राइव चला रही है। इस अभियान के तहत यात्री गाड़ियों, यार्डो में खड़ी स्टेबल रैक, कोच, रेल परिसर में व्यापक स्तर पर सघन जांच एवं निगरानी रखी जा रही है। अभियान में पेंट्रीकार, स्टेबल रैक, पार्सल कार्यालय, स्टेशन पार्किंग क्षेत्र में विशेष चेकिंग अभियान को प्रभारी बनाते हुए एसईसीआर के तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर, नागपुर व अन्य स्टेशनों में रेलवे सुरक्षा बल के अफसर और स्टाफ नियमित जांच कर यात्रियों को भी फायर सेफ्टी के प्रति जागरूक कर रहे हैं। फायर सेफ्टी के साथ सिलेंडर की कालाबाजारी अभियान के तहत रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने गैस सिलेंडर एवं अन्य ज्वलशील पदार्थो के अवैध परिवहन में अब तक 23 व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

## भीम आर्मी एकता मिशन के चतुर्वेदी अध्यक्ष

**बिलासपुर**। भीम आर्मी एकता मिशन छग के तत्वावधान में संगठन विस्तार एवं सामाजिक मजबूती को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता संभागीय अध्यक्ष पिंटू खांडे ने की। इसमें मुख्य अतिथि मनोज बंजारे एवं प्रदेश उपाध्यक्ष खिलन प्रसाद साहू थे। इस अवसर पर नई नियुक्तियों की घोषणा की गई। इसमें अक्षय चतुर्वेदी को जिला अध्यक्ष, सूरज सोनवानी को जिला उपाध्यक्ष, संतोष करियर को सफाई कर्मचारी संघ का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

# हेल्थ स्पेशल सेहत की संपूर्ण सुरक्षा, विशेषज्ञों के साथ

॥ श्री महावीराय नमः ॥
श्री मंगला हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन और इलाज की सुविधा उपलब्ध
100 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल


उपलब्ध सुविधाएँ
कार्डियक यूनिट | न्यूरो सर्जरी | न्यूरो फिजिशियन
एंजियोग्राफी | एंजियोप्लास्टी | पेसमेकर
ऑर्थोपेडिशियन | फिजियोथेरेपी | ई एन टी
क्रिटिकल केयर ICU | मेडिकल ICU | सर्जिकल ICU
गायनोकॉलोजी | मैक्सिलोफेशियल सर्जन | स्पाइन और ब्रेन सर्जरी
24 घंटे CT SCAN और न्यूरो सर्जरी की सुविधा उपलब्ध
नेहरु नगर, मेन रोड, मंगला चौक, बिलासपुर 83193-06446

## श्री मंगला हॉस्पिटल का हर कदम आपके स्वास्थ्य के साथ, क्योंकि आपका स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता है

बिलासपुर (छत्तीसगढ़) स्थित श्री मंगला हॉस्पिटल न्यूरोलॉजी (मस्तिष्क रोग), ट्रॉमा केयर और क्रिटिकल केयर के लिए प्रमुख मल्टी-स्पेशलिटी अस्पतालों में से एक है। यह अपने अनुभवी डॉक्टरों, आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं और उन्नत सुविधाओं के लिए जाना जाता है। प्रमुख चिकित्सा विभाग - यहाँ न्यूरोलॉजी (Neurology), ट्रॉमा केयर, जनरल मेडिसिन, मूत्र रोग (Urology), और स्त्री रोग (Gynecology) से संबंधित विशेषज्ञ सेवाएं उपलब्ध हैं।विशेषज्ञ टीम: अस्पताल में अनुभवी डॉक्टरों की टीम कार्यरत है, आपातकालीन और क्रिटिकल केयर: गंभीर मरीजों के इलाज के लिए यहाँ उन्नत आईसीयू (ICU) और 24 घंटे (24x7) ट्रॉमा केयर की सुविधा मौजूद है।स्थान: यह अस्पताल नेहरू नगर, मेन रोड, मंगला चौक, बिलासपुर में स्थित है, जो शहर के सभी हिस्सों से आसानी से पहुँचा जा सकता है।

32 INTACT डेन्टल क्लीनिक
डॉ. सुधांशु त्रिपाठी B.D.S., FAGE (Manipal)

★ दूरबीन पद्धति द्वारा डिजिटल दंत चिकित्सा प्रदान करने वाला शहर का एकमात्र संस्थान
★ पारदर्शी एलाइनर पद्धति द्वारा टेढ़े मेढ़े दाँत सीधा करना

डॉ. सुधांशु त्रिपाठी
B.D.S. FAGE (Manipal)
H2/44, नर्मदा नगर, सिद्ध शिखर अपार्टमेंट के सामने, बिलासपुर (छ.ग.)
07752359877, 7748087852

## दांतों की टेढ़ी-मेढ़ी बनावट का आधुनिक समाधान : अब बिना तारों के भी मिलेगी खूबसूरत मुस्कान

आज के समय में सुंदर मुस्कान केवल खूबसूरती ही नहीं, बल्कि आत्मविश्वास की भी पहचान बन चुकी है। टेढ़े-मेढ़े दांत (मैलोक्लूजन) न केवल चेहरे की सुंदरता को प्रभावित करते हैं, बल्कि कई बार बोलने, चबाने और ओरल हेल्थ से जुड़ी समस्याओं का कारण भी बनते हैं। लंबे समय तक इन समस्याओं के इलाज के लिए पारंपरिक मेटल ब्रेसेस का उपयोग किया जाता रहा, लेकिन अब तकनीक ने दंत चिकित्सा को और अधिक आरामदायक और आकर्षक बना दिया है। हाल ही में प्रकाशित एक ऑर्थोडॉन्टिक अध्ययन के अनुसार "क्लियर अलाइनर्स" या "इनविज़लाइन" आधुनिक दांत सीधा करने की ऐसी तकनीक है, जिसमें पारदर्शी प्लास्टिक ट्रे की मदद से धीरे-धीरे दांतों को सही स्थिति में लाया जाता है। ये अलाइनर्स लगभग दिखाई नहीं देते, इसलिए मरीज बिना झिझक मुस्कुरा सकते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार इनविज़लाइन पारंपरिक ब्रेसेस की तुलना में कई मायनों में बेहतर साबित हो रहा है। जहां मेटल ब्रेसेस में तार और ब्रैकेट लगे होते हैं, वहीं इनविज़लाइन पूरी तरह स्मूद और हटाने योग्य होता है। मरीज इसे खाना खाते समय या ब्रश करते समय आसानी से निकाल सकते हैं, जिससे मुंह की सफाई बेहतर बनी रहती है। अध्ययन में यह भी पाया गया कि क्लियर अलाइनर्स से दर्द और मसूड़ों में जलन अपेक्षाकृत कम होती है तथा मरीजों को मानसिक और सामाजिक रूप से अधिक आत्मविश्वास महसूस होता है। इनविज़लाइन तकनीक कंप्यूटर आधारित 3D स्कैनिंग और डिजिटल ट्रीटमेंट प्लानिंग पर आधारित होती है। इसके जरिए डॉक्टर पहले ही यह दिखा सकते हैं कि इलाज के बाद मरीज की मुस्कान कैसी दिखेगी। हर 1–2 सप्ताह में नया अलाइनर लगाया जाता है, जिससे दांत धीरे-धीरे सही दिशा में शिफ्ट होते रहते हैं। अब यह आधुनिक सुविधा 32 Intact Multispeciality Dental Clinic में भी उपलब्ध है, जहां विशेषज्ञ डॉक्टर डिजिटल तकनीक की मदद से इनविज़लाइन और क्लियर अलाइनर उपचार प्रदान कर रहे हैं। क्लिनिक के विशेषज्ञों का कहना है कि बिना मेटल तारों के आरामदायक इलाज की वजह से युवाओं और प्रोफेशनल्स में इसकी मांग तेजी से बढ़ रही है।

**डॉ.सुधांशु त्रिपाठी**

## बच्चों में बोलने की परेशानी का समाधान स्पीच थैरेपी द्वारा संभव

बच्चों को बोलने और समझने में परेशानी (Speech and Language Delay) का सबसे प्रभावी समाधान 'अर्ली इंटरवेंशन' (शीघ्र पहचान) और स्पीच थेरेपी है। सबसे पहले किसी विशेषज्ञ या बाल रोग विशेषज्ञ से सलाह लें ताकि कारण (जैसे सुनने में दिक्कत, विकासात्मक देरी या ऑटिज़्म) का सही पता चल सके।घर पर क्या करें (घरेलू समाधान)बच्चों की भाषा क्षमता को सुधारने के लिए घर का माहौल बहुत महत्वपूर्ण है :स्क्रीन टाइम कम करें: मोबाइल, टीवी और टैब का इस्तेमाल पूरी तरह बंद करें। यह बच्चों के बोलने में देरी का एक मुख्य कारण है। बच्चा 2-3 साल का होने पर भी बहुत कम शब्द बोलता है, वाक्य नहीं बना पाता या निर्देश नहीं समझता, तो पेशेवर मदद ज़रूर लें :स्पीच थेरेपिस्ट ये बच्चे की क्षमता का आकलन करके उसे बोलने और समझने के विशेष अभ्यास (गेम्स और गतिविधियों के माध्यम से) कराते हैं, यह थेरेपी मददगार होती है। स्पीच थेरेपिस्ट बच्चों में बोलने, भाषा समझने और संवाद करने की क्षमता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे बच्चों की उम्र के अनुसार बातचीत का कौशल, सही उच्चारण करने में मदद करते हैं

**डॉ.ध्रुव वजा**

CDS श्री शिशु विकास केंद्र
क्या आपका बच्च बोलता नहीं है?
क्या आपका बच्चा सामान्य चीजों को समझ नही पाता है?
हम आपके बच्चों की समस्याओं को समझते हैं और उनका समाधान करते हैं
• जो बच्चे अकेले रहना पसंद करते हैं।
• जो बच्चे अच्छी तरह बोल नहीं पाते
• नाम लेने पर ध्यान नहीं देते।
• हर उम्र के बच्चों के साथ खेलते नहीं।
• बच्चों में ध्यान की कमी होना या एक जगह बैठ ना पाना।
• SCAT Child Development Center मे ये सुविधा उपलब्ध।
हर महीने के दिनांक 01 से 05 तक FREE ASSESSMENT

Dr. DHRUV VAZA
सुविधाएं उपलब्ध - ऑक्यूपेशनल थैरेपी, स्पीच थेरेपी, ABA थैरेपी, CBT, VBT, Special Education व अन्य थैरेपी द्वारा इलाज
बिलासपुर का सबसे बेहतरीन एकमात्र संस्था
CHILD DEVELPOMENT CENTER
Where Hope and Healing Colide
SCAT, मध्यनगरी चौक, बिलासपुर (छ.ग.)
Mob - 7470478998

## अंधत्व का प्रमुख कारण मोतियाबिंद कांचबिंद व डायबिटीज हैं

बिलासपुर - आशीर्वाद नेत्र चिकित्सालय के डायरेक्टर वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ एकॉइन के राष्ट्रीय अध्यक्ष .एल. सी. मढ़रिया ने बताया हमारे देश में लगभग 21 मिलियन लोग मोतियाबिंद के कारण अंधत्व का शिकार हैं जिसका एक ही इलाज है ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण डॉ.एल. सी. मढ़रिया बताया उनके हॉस्पिटल में एडवांस सेंचुरियन अमेरिकन मशीन से बिना चीर फाड़ के ऑपरेशन होता है और लेंस प्रत्यारोपण के बाद मरीज 2 घंटे में घर जा सकता है इसलिए मोतियाबिंद बढ़ने के तुरंत बाद ऑपरेशन करा लेना चाहिए कई लोग डर के कारण देरी करते जाते हैं जिससे मोतियाबिंद फट जाता है और मरीज को कांचबिंद हो जाता है और वह अंधत्व के शिकार हो जाते हैं। कांचविन्द अनुवांशिक बीमारी है जिनके परिवार में काचबिंद की बीमारी है उसे रेगुलर जांच करानी चाहिए हमारे देश में लगभग 6 करोड़ लोग डायबिटीज के कारण शिकार है और सन 2040 तक इसकी संख्या 9 से 10 करोड़ हो जाएगी वर्तमान में हमारा देश डायबिटीज कैपिटल है। डायबिटीज के कारण आंख की नसें कमजोर हो जाती है इसलिए डायबिटीज के मरीज को पर्दे की जांच नियमित 4 से 6 माह में कराना चाहिए डॉ. ऐश्वर्य मढ़रिया जो एल.वी. प्रसाद से रेटीना में विशेषज्ञता प्राप्त किए हैं इसके विशेषज्ञ है वे आंख की नसों का लेजर से इलाज करके आंख की रोशनी को बचा लेते हैं डायबिटीज के कारण ज्यादा नस फट जाने से पर्दे में खून व सूजन आ जाता है उसकी ओ. सी.टी. मशीन से जांच करके आंख में इंजेक्शन एंटीवेजेफ देकर हमारे अस्पताल में मरीज की रोशनी को सुरक्षित बचाया जाता है इस तरह अगर मोतियाबिंद के मरीज उचित समय में एडवांस फेको से ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण कराले, 40 वर्ष के बाद नियमित की आंख की जांच करालें, व डायबिटीज के मरीज हर 4 से 6 माह में पर्दे की जांच व आवश्यकता होने पर लेजर से इलाज करा ले तो उनकी रोशनी सुरक्षित रहेगी । आशीर्वाद लेजर, फेको नेत्र अस्पताल में अभी तक 1 लाख 30,000 से ज्यादा सफल नेत्र का ऑपरेशन किया जा चुका है एवं डायबिटीज, कॉंचबिंद व रेटिना के मरीजों की जांच व इलाज के लिए एडवांस मशीन उपलब्ध है।

बिलासपुर. वरिष्ठ नेत्ररोग चिकित्सक एवं लेजर फेको सर्जन व आशीर्वाद नेत्र चिकित्सालय के डायरेक्टर डॉ. ऐश्वर्य मढरिया ने बताया पूरे विश्व में मोतियाबिंद के बाद डायबिटिज व पर्दे की बीमारी विश्व में अंधत्व का प्रमुख कारण है। पूरे विश्व में लगभग 171 मिलियन लोग डायबिटिज से पीड़ित हैं। जिसमें से 3 करोड़ लोग केवल भारत के हैं और सन 2030 तक हमारे देश में लगभग 8 करोड़ लोग डायबिटिज के शिकार हो जाएंगे और हमारे देश को डायबिटिज का केपिटल कहा जावेगा। अमेरिका जैसे देश में जहां 17 प्रतिशत लोग डायबिटिज के कारण अपनी दृष्टि खो चुके हैं और इसकी संख्या बढ़ते जा रही है हमारे देश में जहां लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता कम है और वहीं हमारे देख में स्वास्थ्य सुविधा ग्रामीण स्तर में ज्ञान कम होने के कारण हमारे देश में डायबिटिज के कारण करोड़ों लोग अपनी दृष्टि खो रहे हैं। डायबिटिज से होने वाले अंधत्व को नियमित आंख के पर्दे की जांच कराके बचा जा सकता है। डायबिटिज के कारण पर्दे में सूजन आ जाता है आजकल मेक्यूलर एडिमा की जांच ओसी.टी. (नेत्र लेजर स्केनर) से करके अत्याधुनिक एवास्टिन या ल्यूसेनटिक इंजेक्शन लगाकर मरीज की रोशनी को बचाया जा सकता है, इसके लिय यह जरूरी है कि मरीज का ब्लड सुगर, कोलेस्ट्राल संतुलित रहे और नियमित आंख के रेटिना की जांच हर चार से छः माह में करने से पता चल जाता है। इसी प्रकार पर्दे की बीमारी जिसे मेकूलर डीजनरेशन कहते हैं यह 45 वर्ष के बाद पर्दे में खून की कमी से रोशनी चली जाती है, अतः 40 वर्ष के बाद आवश्यक रूप से पर्दे की जांच व डायबिटिज वाले मरीज नियमित अपने आंख की जांच कराकर अंधत्व से बच सकते हैं।

**डॉ. एल.सी. मढ़रिया**
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन


**डॉ. ऐश्वर्य मढ़रिया**
नेत्र रोग विशेषज्ञ, रेटिना विशेषज्ञ एवं ROP विशेषज्ञ (LVP HYDRABAD)

छत्तीसगढ़ का प्रथम Hitech नेत्र अस्पताल
ASHIRWAD LASER, PHACO EYE HOSPITAL BILASPUR (C.G.)
आशीर्वाद लेजर,फेको नेत्र चिकित्सालय एवं डायबिटिस सेंटर, बिलासपुर
CONSTILLATION L ADVANCE VITRECTOMY MACHINE
1ST IN CHATTISGARH AND BILASPUR

1. रेटिना के ऑपरेशन
2. ROP नवजात शिशु के रेटिना का ऑपरेशन
3. Diabetic के कारण खून की नस फट जाने से अंधत्व हो जाने पर उसका ऑपरेशन
4. Complicated मोतियाबिन्द जिसे Nucleus drop कहते हैं उसका ऑपरेशन
5. चोट लगने के कारण आखों के पर्दे में आई खराबी का ऑपरेशन
1990 में फेको ट्रेनिंग-शंकर नेत्रालय, चेनई | 1990 में रेटिना लेजर ट्रेनिंग - एम्स नई दिल्ली | 2002 में कार्निया ट्रेनिंग एल.वी.प्रसाद, हैदराबाद
उपलब्ध सुविधाएं
■ 5 मिनट में मोतियाबिंद ऑपरेशन ZEPTO जेप्टो अमेरिकन तकनीक द्वारा मोतियाबिंद का डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेजर द्वारा।
■ 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र ऑपरेशन वाला प्रथम अस्पताल।
■ OCT द्वारा रेटिना व कॉचबिन्द का जांच व ईलाज।
■ एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण।
अत्याधुनिक मशीन द्वारा रेटिनोपैथी का ईलाज
गोल्ड मेडल से सम्मानित एवं अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र ऑपरेशन

Dr. L.C. MADHARIA
Eye Specialist - MBBS, MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन

DR. AISHWARYA MADHARIA
MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad
नेत्र रोग विशेषज्ञ,रेटिना विशेषज्ञ एवं ROP विशेषज्ञ LVP HYDRABAD

DR. PRATIBHA MADHARIA
MBBS, MD, DNB, Gold Medalist
स्त्री रोग विशेषज्ञ टेस्ट ट्युब बेबी स्पेशलिस्ट


डॉ. एल.सी. मढ़रिया
आई.जी. ऑफिस रोड, अपेक्स बैंक के पीछे, नेहरू चौक, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752–402070, 228277, मो. 9669979123, 9826190123

## खबर संक्षेप

### नीट यूजी पेपर लीक घोटाले के खिलाफ राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन




**बिलासपुर।** नीट यूजी 2026 पेपर लीक घोटाले के खिलाफ गुरुवार को बिलासपुर में एनएसयूआई ने जोरदार आक्रोश व्यक्त करते हुए कलेक्टर संजय अग्रवाल को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन एनएसयूआई जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह के नेतृत्व में सौंपा गया, जिसमें केंद्र की भाजपा सरकार, शिक्षा मंत्रालय और परीक्षा एजेंसी की घोर विफलता पर तीखा हमला बोला गया। इस दौरान एनएसयूआई जिलाध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि नीट जैसे गंभीर मुद्दे पर जब सरकार और उसकी एजेंसियां छात्रों का भविष्य सुरक्षित नहीं रख पा रही हैं, तो उन्हें सत्ता में बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि नीट यूजी 2026 में हुआ पेपर लीक केवल एक परीक्षा घोटाला नहीं, बल्कि देश के लाखों छात्रों के सपनों की हत्या है। उन्होंने इस मामले को लेकर शिक्षा मंत्री तुरंत अपने पद से इस्तीफा देने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई और एनटीए को बैन करने का निर्णय नहीं लिया गया, तो एनएसयूआई सड़कों पर उतरकर देशव्यापी उग्र आंदोलन करेगी। ज्ञापन सौंपने वालों में एनएसयूआई जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह के साथ प्रदेश महासचिव विकास सिंह ठाकुर, प्रदेश सचिव लोकेश नायक, विक्की यादव, जिला उपाध्यक्ष सुमित शुक्ला, जिला महासचिव शुभम जायसवाल, प्रवीण साहू, विपिन साहू, राकेश तिवारी, शिवांश शुक्ला, शुभम,वंश दुबे,उमेश चंद्रवंशी, पुष्पराज यादव, अंश बाजपेई, हिमांशु यादव, कमलेश पटेल,किशोर साहू,विक्की तिग्गा,कमलेश सिदार,वेदांत नायडू,अमन मानिक, अंश दुबे, बिट्टू सूर्यवंशी, सुजल शर्मा आदि मौजूद थे।

### कांग्रेस कमेटी ने भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की मनाई पुण्यतिथि



बिलासपुर। जिला शहर व ग्रामीण कांग्रेस कमेटी ने 21 मई को स्व. राजीव गांधी पुण्यतिथि मनाई। इस अवसर पर राजीव गांधी चौक पर तत्पश्चात जिला पंचायत भवन में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उक्त कार्यक्रम मे जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री ने बताया कि राजीव गांधी भारत के 7वें और सबसे युवा प्रधानमंत्री थे, जिन्होंने 40 वर्ष की आयु में देश के प्रधानमंत्री का पदभार संभाला था। वे आधुनिक भारत के निर्माण एवं सूचना प्रौद्योगिकी क्रांति, दूरसंचार व कंप्यूटर क्रांति के जनक माने जाते हैं। उन्होंने पंचायती राज का गठन किया एवं उपभोक्ता संरक्षण कानून लागू किया। हरीश तिवारी, विनोद साहू, जीतेन्द्र पाण्डेय एवं राहुल ठाकुर ने बताया कि राजीव गांधी 1981 में अमेठी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से उपचुनाव जीता और पहली बार सांसद बने। दिसंबर 1984 के लोकसभा चुनावों में उन्होंने कांग्रेस पार्टी का नेतृत्व किया और पार्टी ने रिकॉर्ड 412 सीटें जीतकर प्रचंड बहुमत हासिल किया। उक्त कार्यक्रम में माधव ओतलवार, सीमा घृतेश, स्वरना शुक्ला, प्रियंका यादव, अन्नपूर्णा,सीताराम जायसवाल, सत्येंद्र तिवारी,करम गोरख, हेरि डेनियल,मो अयूब,चंदन सिंह, दीपक राचलवार,राजेश शर्मा, जसबीर गुमबर,राकेश केसरी,विनोद शर्मा,विजय दुबे, सै मकसूद अली, गणेश रजक,सुरेंद्र तिवारी, राजीव साहू, संगीत मौइत्रा साद्दाब खान रेखेद्र तिवारी, वजीर अली, कौशिक धर, राहुल सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

### कर्मचारी महासंघ की नई कार्यकारिणी बनी



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक 24 मई को प्रियदर्शनी कला मंदिर इंदिरा विहार में आयोजित की गई। जहां नए क्षेत्रीय कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यकारिणी का गठन प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न कराया गया है। आगामी दो वर्षों के लिए सर्वसम्मति चयन किया गया है। कार्यकारिणी गठन के बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में रामायण प्रसाद सूर्यवंशी को क्षेत्रीय अध्यक्ष,कार्यकारी अध्यक्ष काशी राव गाढ़े , क्षेत्रीय सचिव रविकांत ठाकुर , क्षेत्रीय संयुक्त सचिव यशवंत कुमार राठौर , कोषाध्यक्ष रामेश्वर दास मानिकपुरी,कार्यालय मंत्री अमित तिवारी को निर्वाचित किया गया है। वहीं क्षेत्रीय संगठन मंत्री के रूप में रामानंद शर्मा व अमर सिंह साहू का चयन किया गया। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पद पर सचिन क्षत्री, कु. कविता विश्वकर्मा, अजय मिश्रा, श्रीमती प्रतिभा पटेल एवं पुलक सरकार को मनोनीत किया गया।कार्यक्रम में निर्वाचन प्रक्रिया का दायित्व निर्वाचन अधिकारी नवरतन बरेठ, प्रस्तावक मनीष कुमार क्षत्री व समर्थक रवि शर्मा रहे है।

### जिला अस्पताल के सीढ़ी में आई दरार मरीज और डॉक्टरों को हो रही परेशानी



**बिलासपुर।** जिला अस्पताल में बदहाली का आलम है। पुरानी बिल्डिंग के सेकेंड फ्लोर की सीढ़ियों में प्लाटर टूटने लगा है, जिसके चलते इस रास्ते को बंद करने की नौबत आ चुकी है। पिछले दो सालों में अस्पताल की मरम्मत के लिए पीडब्ल्यूडी और सीजीएमएससी को लाखों रूपए दिए गए है लेकिन इसके बावजूद अस्पताल में बदहाली छाई हुई है। जिसके चलते मरीज और डाक्टरों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यही हाल अस्पताल में ड्रेनेज की निकासी का है, दीवारों से टूटी पाइप लाइन झांक रही है, लेकिन मरम्मत के लिए अस्पताल प्रबंधन के पास फुर्सत नहीं है।

---

**जिला अस्पताल प्रबंधन की अनदेखी** | करोड़ों रूपए की लागत से स्थापित है मशीन

# अस्पताल में पड़ी करोड़ों की सीटी स्कैन मशीन, निजी सेंटरों में दौड़ रहे मरीज

**बिलासपुर।** करोड़ों की सीटी स्कैन मशीन परिसर में धूल खा रही है, लेकिन 10 माह बाद भी इसे शुरू नहीं कराया जा सका है, वहीं मरीज इलाज के लिए निजी अस्पताल और सेंटर के चक्कर लगाने के लिए मजबूर हैं। यह पूरा मामला जिला अस्पताल का है। जहां सीजीएमएससी द्वारा करोड़ों रूपए खर्च कर सीटी स्कैन मशीन मंगाई गई फिर डीएमएफ फंड से अस्पताल में रेडियोलॉजी विभाग बनाया गया लेकिन अब समय के साथ मशीनें धूल खा रही हैं।

सीजीएमएससी द्वारा जिला अस्पताल में लगाए गए सीटी स्कैन मशीन 10 माह से धूल खा रही है। प्रबंधन की लापरवाही और सीजीएमएससी की निष्क्रियता के चलते मरीजों को सुविधा नहीं मिल सकी है। रोजाना दो दर्जन से ज्यादा एक्सीडेंटल केस जिला अस्पताल में पहुंचते हैं, लेकिन डाक्टर होने के बावजूद उन्हें भर्ती तक नहीं किया जाता है। इस दौरान उन्हें सीधे सिम्स रिफर कर दिया जाता है। सूत्रों के अनुसार सीटी स्कैन लगाने के लिए अब तक लाखों रूपए खर्च कर निर्माण कार्य कराया गया है। वहीं 3 करोड़ की लागत से मशीन भी खरीदी गई है, लेकिन मरीजों को सीटी स्कैन के लिए निजी डाग्नोसिस सेंटर भेज दिया गया जाता है, जहां मरीजों को हजारों रूपए देने पड़ रहे हैं। जहां एक ओर मरीजों को आर्थिक क्षति हो रही है, वहीं सरकार के करोड़ों रूपए खर्च करने के बाद भी आम लोगों को सुविधा से वंचित होना पड़ रहा है।




**निजी सेंटरों में 5 से 8 हजार रूपए खर्चः** निजी रेडियोडाग्नोस्टिक सेंटरों में सीटी स्कैन जांच के लिए मरीजों से 5 से 8 हजार रूपए तक वसूल किए जाते हैं, जबकि छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से शासकीय अस्पतालों में इसकी फीस महज 1 से 2 हजार रूपए ही होती है। सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों की सुविधाओं को देखते हुए प्रदेश भर के सरकारी अस्पतालों में सिटी स्कैन की सुविधा दी है लेकिन अधिकारियों की लापरवाही के चलते मरीजों को परेशान होना पड़ रहा है।

#### एक्सरे मशीन भी हो चुकी है कंडम

यह पहला मामला नहीं है जब मशीनों की दुर्दुशा की जा रही है। कुछ साल पहले कोविड काल के दौरान जिला अस्पताल और सीएचसी में एक्सरे मशीन की खरीदी की गई, लाखों रूपए की मशीनों में अधिकारियों ने जमकर बंदरबांट की लेकिन यह मशीन कभी चल नहीं सकी। दरअसल मशीन के लिए कभी स्वास्थ्य विभाग से स्वीकृति ही नहीं ली गई थी, जिला अस्पताल में एक्सरे मशीन पड़े-पड़े खराब हो चुकी है।

#### तकनीकी टीम ही नहीं

सीजीएमएससी ने बिलासपुर सहित कई जिलों में सीटी स्कैन मशीन लगाने का ठेका किया है, इसके लिए एजेंसी को लगाया गया है लेकिन ठेके की शर्तों का खुला उल्लघंन किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार इसे शुरू करने के लिए प्रशिक्षित तकनीकी टीम एजेंसी के पास मौजूद ही नही है, जिसके चलते आज तक मशीन शुरू नहीं हो सकी है।

#### दूर की जाएंगी समस्याएं

मुझे अभी यहां आए ज्यादा दिन नहीं हुआ है, डाक्टर और स्टाफ की बैठक लेकर दिशा निर्देश दिए गए है। कुछ ही दिनों में व्यवस्थाओं में बदलाव किया जाएगा, मशीन या कोई भी समस्या है उसे ठीक कर लिया जाएगा।

**-डॉ एस कुजुर**, सिविल सर्जन, जिला अस्पताल

---

व्यापार विहार से गुड्स शेड को किया जा रहा है ट्रांसफर

# गुड्स शेड तो बना दिया, लेकिन आधा किमी दूर जंगल में कर दी श्रमिकों के विश्राम की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जोनल रेलवे स्टेशन व्यापार विहार कोचिंग डिपो के पास बने गुड्स शेड को उसलापुर में स्थानांतरित तो कर दिया गया है, लेकिन यहां न तो तैयारी पूरी की गई है और न ही कोई व्यवस्था की गई है। गुड्स शेड में व्यापारियों के अलावा श्रमिक भी काम करेंगे, लेकिन उनके आराम करने की व्यवस्था आधा किलोमीटर दूर जंगल में कर दी गई है। व्यवस्था ठीक नहीं होने से इस गुड्स शेड के औचित्य पर सवाल उठाए जा रहे हैं।

वर्ष 1971 से बिलासपुर रेलवे स्टेशन कोचिंग काम्पलेक्स के पहले गुड शेड का संचालन किया जा रहा था। यहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में हैवी गाड़ियां की आवाजाही हो रही थी, जो मालगाड़ियों से बाहर से आने वाले सामानों को व्यापार विहार और अन्य स्थानों पर लोडिंग व अनलोडिंग का कार्य करती थी। स्थानीय व्यापारियों के अलावा गुड शेड में हजारों की संख्या में श्रमिक काम कर रहे थे। गुड शेड में व्यापारियों के अतिरिक्त यात्रियों के भी सामानों की लोडिंग अनलोडिंग की जाती थी। बिलासपुर स्टेशन और व्यापार विहार से गुड शेड की दूरी कम होने के कारण सभी को सुविधाएं मिल रही थी। अचानक रेल प्रशासन ने कुछ तकनीकी दिक्कतों के कारण कोचिंग डिपो के पास संचालित होने वाले गुड शेड को उसलापुर स्टेशन के आगे यानि लोखंडी फाटक के पास बनाने का निर्णय ले लिया। यह कार्य पिछले डेढ़ वर्ष से किया जा रहा है, जो अंतिम चरण में पहुंच गया है। 28 मई से बिलासपुर का गुड शेड पूरी तरह से बंद करने के बाद उसलापुर स्टेशन के आगे शुरु कर दिया जाएगा। इसकी तैयारी भी रेलवे की ओर से पूरी कर ली गई है। इसमें सबसे बड़ी दिक्कत श्रमिकों को होने वाली है। मालगाड़ियों के आने के बाद श्रमिक अपने काम में लग जाते हैं, जिसके बाद उन्हें आराम और भोजन पानी के लिए अपना समय निकालना पड़ता है। वर्तमान गुड शेड में यह सारी व्यवस्था रेल प्रशासन ने देकर रखी थी, लेकिन 28 मई से उसलापुर में संचालित होने वाले गुड शेड में प्रसाधन, कमरे और कोई भी व्यवस्था नहीं दी गई है। रेलवे श्रमिकों के आराम और अन्य व्यवस्था के लिए गुड शेड से करीब आधा किलोमीटर जंगल एरिया में कमरे व अन्य सुविधाएं देने का काम कर रही है, जिसके कारण श्रमिकों को भी भविष्य में परेशान होना पड़ेगा।



#### केन्द्रीय शहरी राज्यमंत्री को ज्ञापन

अपनी समस्या एवं मांगों को लेकर रेलवे कामगार मजदूर यूनियन ट्रक मालिक संघ ने केन्द्रीय शहरी राज्यमंत्री तोखन साहू से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि व्यापार विहार में संचालित होने वाले गुड शेड वर्षो में 200 से अधिक हमाल, मजदूर, 50 से अधिक ट्रक मालिक, 300 से अधिक ड्राइवर हेल्पर सहित करीब 500 परिवार की रोजी रोटी निर्भर है। रेल गोदाम रैक पाइंट नया माल धक्का स्थानांतरित होकर उसलापुर लोखंडी फाटक के पास जा रहा है। वहां प्राथमिकता के आधार पर कार्य पहले की तरह करने निर्देशित करें। इसके अलावा शासन के नियमानुसार रजिस्टर्ड यूनियन के कार्य को प्राथमिकता देने, कार्य स्थल पर श्रमिकों ट्रांसपोर्टरों एवं व्यापारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। यूनियन के अध्यक्ष शत्रुहन रात्रे का कहना है कि व्यापार विहार रैक पाइंट होने से खाद्य सामग्री जिसमें विशेष रूप से खाद्य तेल, नमक आदि के रैक का 70 फीसदी हिस्सा व्यापार विहार के व्यापारियों के पास आता है, जो केवल 2 किलोमीटर की दूरी पर है। नई व्यवस्था के तहत उसलापुर रैक पाइंट से व्यापार विहार 11 से 15 किलोमीटर की दूरी हो जाएगी, जिससे समय और खर्च दोनों बढ़ जाएगा।

#### क्षेत्रीय रेलवे को अधिकार

श्रमिक यूनियन की ओर से सुविधाएं देने के लिए कई बार रेलवे बोर्ड को ज्ञापन दिया गया है। इस ज्ञापन के बाद बोर्ड की ओर से सभी क्षेत्रीय रेलवे को आदेश दिया गया है कि रेलवे माल गोदामों में पीने का पानी, शौचालय और विश्राम की सुविधा प्रदान करती है। इसके अतिरिक्त निर्णय लिया गया है कि सामान्य कल्याण के प्रतीक के रूप में स्थानीय आवश्यकताओं के आधार पर क्षेत्रीय रेलवे की ओर से स्नान के लिए ऊंचे नल लगाने की व्यवस्था पर भी विचार किया जाए।

#### आधा किमी दूर व्यवस्था

उसलापुर में गुड शेड का कार्य पूरी तरह से कम्पलीट हो चुका है। श्रमिकों के विश्राम, भोजन व अन्य सारी व्यवस्था के लिए भी रेलवे की ओर से सुविधाएं दी गई है जो गुड शेड से आधा किलोमीटर की दूरी पर है।

**-अनुराग कुमार सिंह,** सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

---

# पहले मौसम ने मारा, अब धान की कीमत में गिरावट की मार

### पिछले साल जितनी नहीं मिल पा रही धान की कीमत



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लगातार बदली व बारिश के बीच गर्मी के धान की फसल की कटाई व मिसाई के लिए परेशान रहने वाले किसान अब एक नई परेशानी से जूझ रहे हैं। इस साल गर्मी का धान किसानों को उतनी कीमत भी नहीं दिला पा रहा है, जो उन्होंने बीते साल हासिल की थी। दोहरी मार से किसानों में खासी मायूसी नजर आ रही है।

गर्मी में धान की फसल लेने वाले किसानों पर मौसम की मार तो लगातार पड़ ही रही है, लेकिन अब पड़ रही मार उन्हें सबसे ज्यादा प्रभावित कर रही है। बीते साल बाईस से चौबीस सौ रूपए क्विंटल तक की कीमत में बिकने वाला धान इस साल 21 से 22 सौ रूपए क्विंटल तक की कीमत से ऊपर ही नहीं जा पा रहा है। मौसम से फसल की क्वालिटी में हुई गिरावट को कारण बताकर व्यापारी धान की कीमत कम आंक रहे हैं। ऐसे में किसान फसल की तत्काल बिक्री करने या अधिक कीमत आने तक का इंतजार करने को लेकर असमंजस में हैं। जिले में अब भी बड़ी संख्या में ऐसे किसान हैं, जिन्होंने अब तक अपने गर्मी के धान की फसल की कटाई व मिसाई नहीं की है। खेत अब तक पूरी तरह सूख नहीं पाए हैं, जिससे वाहनों का भीतर प्रवेश नहीं हो पा रहा है। इसके विपरीत मैनुअली व परंपरागत तरीके से कटाई व मिसाई की गई तो किसानों के लिए यह काफी महंगा साबित होगा। ऐसे में खेत के पूरी तरह सूखने तक का इंतजार करना ही एकमात्र विकल्प किसानों के सामने है।

#### मिसाई में देर से झड़ने लगे धान

बीते दिनों लगातार हुई बारिश के बाद खेत गीले हो चुके थे, जिससे कटाई व मिसाई के लिए खेत तक हार्वेस्टर का प्रवेश नहीं हो सका। इसके चलते हुई देर के बाद रही सही कसर डीजल की अनुपलब्धता ने निकाल दी। पर्याप्त मात्रा में डीजल नहीं मिल पाने के कारण भी किसानों के गर्मी के धान की मिसाई नहीं हो सकी, जिससे पकने के बाद भी काफी दिनों तक मिसाई नहीं होन के कारण पौधों से दाने झड़ने लगे व किसानों को नुकसान हुआ।

---

# छात्रावास अधीक्षक संघ ने लिया निर्णय

**बिलासपुर।** छग राज्य स्तरीय छात्रावास अधीक्षक संघ की सामान्य सभा 24 मई को प्रार्थना भवन, जल संसाधन विभाग कार्यालय परिसर में प्रदेश अध्यक्ष उदेश सिंह तोमर की अध्यक्षता में हुई। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष पल्लव झा एवं आशीष साहू सहित प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारियों की सहभागिता रही।

सामान्य सभा में विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के मुख्य संरक्षक पीआर यादव, प्रदेश समन्वयक जीआर चंद्रा, प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार शर्मा, जय कुमार साहू तथा किशोर शर्मा उपस्थित रहे। बैठक में छात्रावास अधीक्षकों से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। अधीक्षकों की सेवा शर्तों के निर्धारण, छात्रावासों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए शिष्यवृत्ति राशि में वृद्धि, छात्रावासों के अनुरक्षण मद के लिए पर्याप्त बजट उपलब्ध कराने, अधीक्षकों की पदोन्नति एवं क्रमोन्नति, कार्यभार से संबंधित समस्याओं तथा अन्य प्रशासनिक एवं विभागीय विषयों पर गंभीर विचार-विमर्श किया गया। संभाग अध्यक्ष एवं संभाग उपाध्यक्ष जैसे पदों के गठन पर आम सहमति बनी। प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार कर अधिक से अधिक सक्रिय एवं ऊर्जावान साथियों को संगठन से जोड़ने तथा जिला स्तर तक संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने पर भी विचार किया गया। अधीक्षकों की समस्याओं एवं मांगों के निराकरण करने निरंतर प्रयास किए जाएंगे तथा आवश्यकता पड़ने पर व्यापक आंदोलनात्मक रणनीति भी तैयार की जाएगी। उपस्थित सदस्यों ने संगठन की एकता, अनुशासन एवं सामूहिक नेतृत्व को और अधिक मजबूत करने का संकल्प लिया। वहीं संगठन की मजबूती, अधीक्षकों के अधिकारों की रक्षा तथा विभागीय समस्याओं के निराकरण करने सामूहिक प्रयासों पर विशेष बल दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि अधीक्षकों की लंबित मांगों का समाधान संभव है तथा आने वाले समय में संगठन को और अधिक प्रभावशाली बनाया जाएगा।



---

# संगठित अपराध व छोटे संगठित अपराध तथा ई-साक्ष्य, ई-समन पर कार्यशाला

**बिलासपुर।** एसएसपी रजनेश सिंह के मार्गदर्शन में '' संगठित अपराध एवं छोटे संगठित अपराध तथा ई-साक्ष्य, ई-समन पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन चेतना भवन, पुलिस लाइन में आयोजित किया गया।

उक्त प्रशिक्षण कार्यशाला में राजपत्रित अधिकारी, थाना/चैकी प्रभारी तथा विवेचक सहित कुल 60 अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित हुए। जिन्हें '' संगठित अपराध एवं छोटे संगठित अपराध विवेचना की कमियों व बारीकियों का विश्लेषण कर तथा ई-साक्ष्य, ई-समन आदि के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान कर जागरूक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक ने किया। उन्होंने वर्तमान समय में बढ़ते साइबर एवं संगठित अपराधों की चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नवीन विधिक प्रावधानों, तकनीकी साक्ष्यों तथा डिजिटल प्रक्रियाओं की जानकारी अद्यतन रखने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रशिक्षक एसडीओपी नूपुर उपाध्याय ने संबंधित कानूनी प्रावधानों तथा प्रकरणों के प्रभावी निराकरण के संबंध में मार्गदर्शन दिया। आरक्षक डी.के. साहू द्वारा ने डिजिटल साक्ष्यों के संरक्षण, इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से समन तामील की प्रक्रिया पोर्टल के उपयोग एवं महत्व के संबंध में व्यावहारिक जानकारी साझा की।




---

मुंगेली के जोगीपुर में किया जा रहा है कार्य, 5 माह में पूरा करने का निर्देश

# एटीआर में विस्थापित 93 ग्रामीणों का बन रहा नया 55 आशियाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अचानकमार टाइगर रिजर्व के तीन गांव के 171 परिवारों का नए स्थान पर विस्थापन शुरु कर दिया गया है। इसके तहत पहले चरण में मुंगेली वन मंडल के क्षेत्र में सावंतपुर और भरतपुर के जोगीपुर व अन्य स्थानों पर 255.300 हेक्टेयर जगह चिन्हांकित की गई है। तीन गांव में से प्रथम चरण में एक गांव तिलईडबरा के ग्रामीणों का विस्थापन का कार्य जोगीपुर में शुरु कर दिया गया है, जहां 93 परिवार का नया 55 आशियाना और अन्य कार्य किए जा रहे हैं।

एटीआर जंगल में बसे ग्रामीणों को दूसरे स्थान पर विस्थापित करने की प्रक्रिया कई साल से चल रही है। पूर्व में 6 गांव में रहने वाले लोगों को लोरमी और मुंगेली क्षेत्र में विस्थापित करने के उपरांत चार साल से कोर जोन में बसे तीन गांव बिरारपानी, छिरहट्टा और तिलईडबरा के करीब 133 परिवारों के विस्थापन करने का कार्य हो रहा है। पूर्व राज्य सरकार ने ग्रामीणों को विस्थापित करने के लिए 500 करोड़ रुपए से अधिक राशि का बजट प्रस्ताव बनाया, लेकिन बाद में यह योजना भी ठंडे बस्ते में चली गई। एटीआर प्रबंधन ने तीनों गांव बिरारपानी, छिरहट्टा और तिलईडबरा के ग्रामीणों के विस्थापित की योजना शुरु कर दी गई है, जिनके 171 परिवार के लिए मुंगेली के जोगीपुर और भरतपुर में 255.300 हेक्टेयर जगह चिन्हांकित की गई है। इन 171 परिवार में से प्रत्येक परिवार को 15-15 लाख रुपए की राशि दी जानी है, ताकि वे एटीआर को खाली करने के बाद दूसरे स्थान पर चले जाएं। इन सभी परिवारों के लिए मुंगेली वन मंडल क्षेत्र में जगह चिन्हांकित करने के बाद पहले चरण में पेड़ों की कटाई का कार्य शुरु कर दिया गया है, जिसमें कटाई का कार्य वर्तमान में 30 फीसदी कम्पलीट हो चुका है। तीन गांव के अलावा 16 गांव कोर जोन में अचानकमार, बिंदावल, सारसडोल, छपरवा, लमनी, अतरियाखार, रंजकी, सुरही, अतरिया, बम्हनी, कटामी, जांकडबांधा, निवासखार, महामाई, डंगनिया और राजक एवं बफर जोन में जमुनाही, बोईरहा, पटपरहा, चकदा व सिवलखार आदि शामिल है। इन गांव के लोगों ने पहले शिवतराई के पास जगह देखी थी, जहां रहने के लिए सभी ग्रामीणों ने अपनी अनुमति भी प्रदान कर दी।



#### जल्द काम करने आदेश

एटीआर के विस्थापित ग्रामीणों को नए स्थान पर बसाने के लिए काम की शुरुआत कर दी है। जोगीपुर में करीब 55 नए आवास बनाए जा रहे हैं। मौके पर पहुंचकर डेडलाइन दी गई है कि दो शिफ्ट में काम किया जाए, ताकि तीन चार माह में पूरा कार्य कम्पलीट हो और विस्थापित ग्रामीण अपने नए आवास में आ सकें।

**-अरूण पाण्डेय**, पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ

### विश्व पर्यावरण दिवस पर चला जागरूकता अभियान

बिलासपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जा रहा है। इसके तहत प्रमुख रेलवे स्टेशन पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर स्टेशन परिसर, प्लेटफार्म, प्रतीक्षालय, फुट ओवरब्रिज पार्किंग क्षेत्र, आसपास के स्थानों पर व्यापक सफाई सुनिश्चित की गई। कैटरिंग यूनिट, खान पान स्टालों में सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग को कम करने तथा इको फ्रेंडली कटलरी अपनाने हेतु विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। यात्रियों, वेंडर्स एवं कर्मचारियों को पेपर कम, लकड़ी के चम्मच, अरेका प्लेट एवं पुनः उपयोग सामग्री के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। वहीं स्टेशन पर पोस्टर, बेनर एवं जनसंदेशों के माध्यम से प्लास्टिक मुक्त रेल परिसर बनाने का संदेश प्रसारित करने के अलावा कर्मचारियों को अपशिष्ट पृथक्करण एवं स्वच्छता प्रबंधन से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

बिलासपुर, सोमवार 25 मई 2026

# हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



कार्यक्रम

## फेब्रिकेटर राजेश ने शव वाहन पर किए 1 लाख खर्च, हुए सम्मानित

**बिलासपुर।** फोरम ऑफ रिटायर्ड डिप्लोमा इंजीनियर्स, जिला समिति की मासिक बैठक प्रार्थना भवन जल संसाधन विभाग परिसर बिलासपुर में सम्पन्न हुई। जिला समिति के अध्यक्ष बी.एन. ओझा द्वारा उपस्थित समस्त सदस्यों का स्वागत किया गया। उन्होंने



फोरम द्वारा संचालित गतिविधियों का विस्तृत विवरण सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया। सामाजिक कर्तव्यों एवं दायित्वों के निर्वहन हेतु संगठन के सदस्यों ने लगभग एक वर्ष पूर्व समाज कल्याण के लिए शव वाहन हेतु डीप फ्रीजर समर्पित करने का संकल्प लिया था। जिला समिति ने इस पुनीत कार्य में सहयोग करने वाले सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। इन्होंने शव वाहन की बॉडी के निर्माण में उत्कृष्ट गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग सुनिश्चित किया गया। फोरम द्वारा जब शव वाहन की बॉडी बनाने हेतु उनसे सम्पर्क किया गया, तो उन्होंने केवल सामग्री की लागत स्वीकार की तथा अपनी श्रम-राशि को इस पुण्य कार्य में अपना सहयोग मानकर समर्पित कर दिया। लगभग एक लाख रुपये की अपनी श्रम-राशि को समाज सेवा में समर्पित कर अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है।

जागरूकता

## पर्यावरण दिवस पर नि :शुल्क 501 पौधों का वितरण

**बिलासपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को शहर में विविध आयोजन होंगे। इसकी अनेक संगठनों द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारी की जा रही है। अखिल भारतीय कसौंधन वैश्य गुप्ता समाज महासभा पंजीकृत द्वारा पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर निःशुल्क



501 पौधों का वितरण 5 जून को सुबह 11 बजे जूना बिलासपुर में किया जाएगा। संस्था के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं बिलासपुर जिलाध्यक्ष रमेश गुप्ता ने बताया कि समाज, व्यापारी एवं आम जनता को सभी प्रकार के पौधे वितरित कर पौधरोपण किया जाएगा। शहरवासी अपने घर, फॉर्म हाउस या किसी नजदीक के स्कूल, तालाब कहीं भी एक फलदार, छायादार पौधे लगा कर अपने आसपास के वातावरण को हरा-भरा बना सकते हैं। पौधों की देखभाल करने की भी शपथ लें तभी हमारा आने वाला कल सुरक्षित रहेगा एवं आने वाली पीढ़ी को इसका फायदा मिलेगा। इस अवसर पर समाज के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहेंगे। आज हमारे देश में कम से कम 8 सौ करोड़ पौधों की जरूरत है।

आयोजन

## मराठा समाज के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण



**बिलासपुर।** मराठा समाज द्वारा नवनिर्वाचित पदाधिकारियो का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर विधायक अमर अग्रवाल,विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष राघोबा महाडिक, पार्षद श्याम साहू, लक्ष्मी नारायण कश्यप, महासचिव महेंद्र जाधव उपस्थित हुये। सर्वप्रथम कार्यकारणी पद के लिए यश पवार, प्रभाकर भोसले सचिव जीवन भोसले, कोषाध्यक्ष भगवंत शिंदे, उपाध्यक्ष राजू राव मराठा एवं अध्यक्ष पद के लिए शशांक चौहान को शपथ दिलवाया गया। इसके पश्चात निर्वाचन अधिकारियो को सफल और शांतिपूर्ण निर्वाचन कराने के लिए प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला मराठा समाज मराठा महिला मातृशक्तियां, युवा मराठा सेना एवं प्रदेश के पदाधिकारी अतिथियों का विशेष सहयोग रहा।

विस्तार

## लायंस क्लब मिडटाउन की बनी नई कार्यकारिणी, आरती अध्यक्ष







**बिलासपुर।** लायंस क्लब बिलासपुर मिडटाउन की सत्र 2026-27 की नई कार्यकारिणी गठन के लिए संस्था की अध्यक्ष आरती साहू ने क्लोज डोर मीटिंग व सामान्य सभा रखी। इसमें अध्यक्ष आरती अम्बष्ट, सचिव अंजिता उपाध्याय, कोषाध्यक्ष प्रीति प्रसाद, प्रथम उपाध्यक्ष सुमन गुप्ता, द्वितीय उपाध्यक्ष सुलोचना सिंह, तृतीय उपाध्यक्ष नीना गरेवाल, सहसचिव रचना ताम्रकार, सहकोषाध्यक्ष सीमा देवांगन, प्रेमलता तिवारी सहित अन्य पदाधिकारियों का चयन किया गया। संरक्षक उषा तिवारी, कुसुम गोयल, सावित्री मिश्रा, संध्या पांडेय, सुषमा तिवारी, शंपा दत्ता, शशि आहूजा, जीत उपवेजा, उषा सलूजा की उपस्थिति में नामिनेशन कमेटी की चेयरपर्सन सुधा साव एवं कस्तूरी सेठी ने चयन किया। उपस्थित सभी लोगों ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत कर शुभकामनाएं दी।

# यूपीएससी प्रीलिम्स : कठिन सवालों ने उलझाया, धैर्य और समझ को परखा

यूपीएससी प्रीलिम्स की परीक्षा रविवार को शहर के 14 केन्द्रों में आयोजित की गई, यह परीक्षा दो पालियों में सुबह 9:30 से 11:30 और दोपहर 2:30 से 4:30 बजे तक ली गई। इस परीक्षा में पहला पेपर सामान्य अध्ययन व दूसरा सी सेट का हुआ। इस परीक्षा के लिए 4 हजार 870 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, जिसमें पहली पाली में 3 हजार 340 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी व दूसरी पाली में 3 हजार 254 ने परीक्षा दी।



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

परीक्षार्थियों ने बताया कि पेपर का लेवल कठिन हो रहा है, इस बार भी गहरे प्रश्न पूछे गए प्रश्न पत्र में चल रहे ईरान-अमेरिका युध्द, जीरो एफआईआर,ससंद, भारत की पड़ोसी नदी के बार में पूछा गया। इसी तरह इकॉनोमी, करंटअफेयर, प्राचीन इतिहास, भूगोल व अंतराष्ट्रीय विषय के प्रश्न भी पूछे गए। पहली परीक्षा होने के पश्चात दूसरे पेपर के लिए 2 घंटे का समय था,इस वजह से दूर क्षेत्रों से आए अभ्यर्थियों के अभिभावक का भी केन्द्रों के बाहर तेज धूप में इम्तिहान हो गया। बता दें कि इस बार परीक्षा में पहली बार फेस ऑथेंटिकेशन सिस्टम लागू किया गया, अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश से पहले फेस ऑथेंटिकेशन प्रक्रिया से गुजरना पड़ा। परीक्षा को सुचारू रूप से संपन्न कराने संघ लोक सेवा आयोग के द्वारा स्टेट ऑब्जरवर के रूप में आयुक्त बिलासपुर संभाग सुनील जैन, कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह एवं संघ लोक सेवा आयोग के द्वारा नियुक्त निरीक्षण अधिकारी लिंगेश्वर राव विपार्थी, परीक्षा निरीक्षक के मार्गदर्शन में परीक्षा संपन्न कराई गई।

### ईरान-अमेरिका युध्द, जीरो एफआईआर इकॉनोमी व इतिहास के पूछे गए प्रश्न







### देरी से पहुंचने पर परीक्षा से चूके

परीक्षा केन्द्रों में सुबह की पाली में 9 बजे के बाद पहुंचने पर प्रवेश बंद कर दिया गया। दयादबंद स्थित महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल के केन्द्र में छात्र परीक्षा देने से वंचित हो गए। सरगांव से आई सीमा साहू ने बताया कि परीक्षा सेंटर दूंढने में समय लग गया जिस वजह से परीक्षा में देरी से पहुंची।

### नीचे जाएगा जाएगा कटऑफ

प्रीमियर एकेडमी के डायरेक्टर जयेश गुंबर ने बताया कि यूपीएससी प्रीलिम्स की परीक्षा में इस बार का कटऑफ जनरल कैटेगरी में 90 अंक तक जाएगा। इसी प्रकार ईडब्लयुएस में 85,ओबीसी में 85 और एसटी में 65 व एससी में 75 अंक तक जा सकता है। पेपर का स्तर कठिन हो रहा है,जिन अभ्यर्थियों ने कड़ी मेहनत की होगी सिलेबस के अलावा भी करंट अफेयर और इतिहास को अच्छे से पढ़ा होगा उनके अंक अच्छे आएंगे।

### कम रही उपस्थिति

यूपीएससी की परीक्षा में अभ्यर्थियों की उपस्थिति दोनों ही पालियों में कम रही। साढ़े चार हजार अभ्यर्थियों में करीब 70 प्रतिशत ही अभ्यर्थी परीक्षा देने पहुंचे। देश की सबसे बड़ी परीक्षा में अभ्यर्थियों का ना पहुंचना चर्चा का विषय भी रहा। हाल ही में नीट पेपर लीक से भी अथ्यर्थियों के मन में कई सवाल खड़े किए है। यह भी एक कारण माना जा रहा है।

### आज जारी होगी आंसर-की

संघ लोक सेवा आयोग ने पहली बार सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा की प्रोविजनल आंसर-की परीक्षा सोमवार को जारी हो जाएगी। यह पहली बार हो रहा है कि परीक्षा के 24 घंटे के भीतर ही आंसर की जारी होगा। यह प्रक्रिया परीक्षा में पारदर्शिता बनाने व परीक्षार्थियों की तैयारीयों और भी अधिक मजबूत करेगा। प्रोविजनल आंसर जारी होने के बाद सिविल सेवा परीक्षा के अभ्यर्थी 31 मई के शाम 6 बजे तक अपनी आपत्तियां ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज कर पाएंगे।

### सवाल ट्रिकी और बोझिल भी...

प्रश्न सीधे कम और विश्लेषण आधारित अधिक रहे। इतिहास, पर्यावरण, अर्थव्यवस्था, विज्ञान एवं अंतरराष्ट्रीय घटनाओं से जुड़े सवालों ने अभ्यर्थियों की गहरी समझ परखने की कोशिश की। कई प्रश्न ऐसे थे जिनमें एक विकल्प चुनने से पहले दो-तीन बार सोचना पड़ा। स्टेटमेंट आधारित प्रश्नों की संख्या अधिक होने से "एलिमिनेशन तकनीक" महत्वपूर्ण साबित हुई।विशेषज्ञों का मानना है कि इस बार केवल करेंट अफेयर्स पढ़ने वाले अभ्यर्थियों को कठिनाई हुई, जबकि बेसिक कॉन्सेप्ट पर मजबूत पकड़ रखने वालों को बढ़त मिल सकती है। कई छात्रों ने कहा कि पेपर "ट्रिकी" जरूर था, लेकिन यूपीएससी के वास्तविक स्तर के अनुरूप था।



यूपीएससी प्रीलिम्स की परीक्षा शहर के परीक्षा केंद्रों में आयोजित हुई। परीक्षा छूटते ही मुख्य मार्गों पर यातायात बाधित रहा।

टिकरापारा में सुनाया गया विशेष परमात्म महावाक्य

## तनाव, संघर्षों का समाधान छिपा है अंतर्मन में

**बिलासपुर।** वर्तमान समय में बढ़ते तनाव, असंतोष और मानसिक संघर्षों का समाधान बाहरी परिस्थितियों में नहीं, बल्कि स्वयं के अंतर्मन में छिपा हुआ है। यदि व्यक्ति स्वयं को आत्मा समझकर परमात्मा से संबंध जोड़े और "साक्षी भाव" में रहना सीखे, तो कठिन



परिस्थितियों के बीच भी शांति और स्थिरता बनाए रख सकता है।

ये बातें प्रभु दर्शन भवन टिकरापारा में रविवार को विशेष परमात्म महावाक्य सुनाते हुए ब्रह्माकुमारी मंजू दीदी ने कही। उन्होंने कहा कि संघर्षपूर्ण वातावरण में प्रतिक्रिया देने के बजाय सकारात्मक वाइब्रेशन फैलाना ही सच्ची आध्यात्मिकता है। खुश रहने और खुशी बांटने को श्रेष्ठ जीवन का आधार बताते हुए उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति भीतर से संतुष्ट और प्रसन्न रहता है, तब उसका चेहरा, व्यवहार और वाणी स्वतः ही दूसरों के लिए प्रेरणा बन जाती है।



यही आंतरिक खुशी तनाव, क्रोध और निराशा को समाप्त करने का सहज माध्यम बनती है। क्रोध, तनाव और दुख का मुख्य कारण देह अभिमान तथा "मैं" की भावना है। यदि मनुष्य भूतकाल की बातों को छोड़कर वर्तमान को श्रेष्ठ बनाने पर ध्यान दें, तो उसका मन हल्का और शक्तिशाली बन सकता है। दूसरों को क्षमा करना भी आत्मिक शांति प्राप्त करने का एक महत्वपूर्ण साधन है। यदि कोई व्यक्ति लगातार उदासी, तनाव या डिप्रेशन महसूस कर रहा हो, तो उसे अपनी स्थिति को स्वीकार कर सकारात्मक आध्यात्मिक अभ्यासों के साथ आवश्यकता पड़ने पर उचित परामर्श भी लेना चाहिए। सत्र में यह प्रेरणा भी दी गई कि सच्चा सेवाधारी वही है जिसके जीवन, व्यवहार और नयनों से रूहानियत झलकती हो। अपने आत्म-परिवर्तन द्वारा जो व्यक्ति स्वयं विजयी बनता है, वही समाज में वास्तविक शांति और खुशी का संदेश फैला सकता है।

## जीवदया दिवस पर 28 को गूंजेगा नवकार महामंत्र

**बिलासपुर।** विश्वभर में मूक जीवों और पशुओं पर हो रही क्रूरता को रोकने तथा उनके प्रति करुणा भाव जागृत करने के उद्देश्य से सकल जैन समाज द्वारा एक पुनीत पहल की जा रही है। अहिंसा परमो धर्म के सिद्धांत का पालन करते हुए आगामी 28 मई को जीवदया दिवस' के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर पशुओं की रक्षा और विश्व शांति की कामना के साथ



विशेष रूप से नवकार महामंत्र का जाप किया जाएगा। जैन धर्म के सभी तीर्थंकरों ने सदैव अहिंसा, करुणा और सभी जीवों के प्रति दयाभाव रखने का मार्ग प्रशस्त किया है। भगवान महावीर स्वामी द्वारा दिया गया 'जियो और जीने दो' का संदेश वर्तमान परिदृश्य में भी विश्व शांति और जीव कल्याण के लिए पूरी तरह प्रासंगिक है।

### समस्त विपत्तियों का नाशक है नवकार मंत्र

विश्व पटल पर पशुओं के प्रति हिंसा लगातार बढ़ रही है। इसी के मद्देनजर अहिंसा और दया के भावों के साथ 28 मई को समाज के लोगों द्वारा 7 बार नवकार महामंत्र का जाप किया जाएगा। नवकार महामंत्र अत्यंत प्रभावशाली है और यह समस्त विपत्तियों से रक्षा करने वाला मंत्र माना जाता है। आव्हान किया गया है कि वे 'जीवदया दिवस' के दिन जगत के समस्त जीवों के प्रति 'अभयदान' (जीवनदान) के शुद्ध भावों से कम से कम 7 बार नवकार महामंत्र का जाप अवश्य करें, ताकि मूक प्राणियों की रक्षा हो सके और समाज में करुणा का संचार हो।

कार्नर न्यूज

## सेक्सोफोन से गीत की प्रस्तुति, नृत्य से बांधा समा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बंगाली समाज विनोबा नगर द्वारा कवि गुरु रविन्द्रनाथ ठाकुर एवं विद्रोही कवि काजी नजरूल इस्लाम की जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में दोनों महाकवियों के चित्रों पर माल्यार्पण ने। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत समवेत संगीत वैशाखी हे मौनी तपस' 'जागो नारी जागो एवं आकाश भरा सूर्य तारा इत्यादि रविन्द्र एवं नजरूल गीति के साथ किया गया।

इसमें मौसमी एवं सौरभ चक्रवर्ती, शुभ्रांशु शेखर घोष, सीमा सेनगुप्ता, मोनिका घोष, आबोणी दत्ता, अपोर्णा घोष सहित अन्य ने भाग लिया। डॉ सुदीप्तो दत्ता ने रविन्द्र संगीत तुमि





कि केबलई छोबी गीत को सेक्सोफोन पर प्रस्तुत किया। मौसमी चक्रवर्ती का नजरूल गीती एकई वृन्ते दूटी कुसुम सराहनीय रहा। देविका दास का नृत्य मनमोहक था। गोपा दास गुप्ता के नृत्य निर्देशन में बाल कलाकारों द्वारा प्रस्तुत आमरा सबाई राजा' नृत्य में आयुषी पालित, आयुष परमानिक, शिवान्या घोष, प्रिशा घोष, आरमिमा पाल एवं पिउ घोष ने भाग लिया। संगीत में मौसमी चक्रवर्ती, सुक्ती बिस्वास, स्वागोता चौधरी, शुभ्रांशु घोष, सौरभ चक्रवर्ती, डॉ. सुदिप्तो दत्ता, श्राबोणी दत्ता, तूहिन चटर्जी, रीताराय, सहाना दत्ता ने गीतों को उत्कृष्ट प्रस्तुति दी। गोपा दासगुप्ता का एकल नृत्य 'एशो श्यामल सुंदर अत्यंत मनमोहक रहा। तबला में जय दे ने संगत किया।

समूह नृत्य में पूजा प्रमाणिक, पूजा पालित, अदिती चौधरी, मेरिना घोष, तनिमा राय का कारार ओई लौह कपाट तथा नृत्याभिनय अभिसार ने दर्शकों का मन मोह लिया।

डॉ. गोपालचंद्र मुखर्जी ने दोनों महान साहित्यकारों के जीवनदर्शन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण सौमित्र बसु का श्रुति नाटक नोतून बौठान रहा, इसमें इप्सिता दत्ता एवं राजा दासगुप्ता का अभिनय को सबने सराहा। मंच संचालन राजा दासगुप्ता एवं मीनू दास ने किया। इसे सफल बनाने में बिलासदास जीवन घोष, अशोक बोस, कल्याण दत्ता एवं कैसियो वादक कैलाश डोडवानी का विशेष सहयोग रहा।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान आज से

**बिलासपुर।** पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का दो दिवसीय प्रशिक्षण 25 मई से सभा स्थल झूलेलाल मंगलम में प्रारंभ होगा। इसके लिए प्रशिक्षण प्रभारी एवं योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा के आतिथ्य में प्रशिक्षण कार्यक्रम की तैयारी के संबंध में सभा स्थल झूलेलाल मंगलम का निरीक्षण किया गया।



भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर एवं अन्य कार्यकर्ताओं के साथ प्रशिक्षण स्थल में मंच बैठने की व्यवस्था एवं आवासीय भोजन व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में प्रशिक्षण महा अभियान की चल रही व्यवस्थाओं की सराहना की। 25 मई से प्रशिक्षण में अपेक्षित पदाधिकारियों का दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। प्रथम दिवस प्रशिक्षण सत्र का उद्घाटन विधायक अमर अग्रवाल करेंगे। द्वितीय सत्र का उद्घाटन क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नि करेंगे। तृतीय सत्र संभाग सहप्रभारी अभिषेक शुक्ला होंगे। चतुर्थ सत्र विधायक सुशांत शुक्ला संबोधित करेंगे। पंचम सत्र संभाग प्रभारी एवं सांसद रूप कुमारी चौधरी के आतिथ्य में संपन्न होगा। छठवें सत्र को भाजपा प्रदेश मंत्री हर्षिता पांडे संबोधित करेंगी। द्वितीय दिवस सुनील पिल्लई संबोधित करेंगे।

आठवें सत्र को विधायक धरमलाल कौशिक संबोधित करेंगे। नवे सत्र में पूर्व नेता विपक्ष नारायण चंदेल संबोधित करेंगे। इसके साथ ही श्रद्धा मिश्रा संबोधित करेंगी। दसवीं सत्र में योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिंह संबोधन देंगे। 11वें सत्र में डॉक्टर अखिलेश जैन हमारा सैद्धांतिक अधिष्ठान विषय पर संबोधित करेंगे। सत्र के समापन समारोह के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव होंगे।

# युकां चुनाव की घोषणा, नामांकन 29 से

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया गया है। प्रदेशभर में ब्लॉक, जिला और प्रदेश स्तर की नई टीम के गठन के लिए 29 मई से नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी।

ब्लॉक और जिला कमेटियों के लिए नामांकन 29 मई से 13 जून तक भरे जाएंगे। वहीं प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश कार्यकारिणी के लिए 11 जून से 13 जून तक नामांकन दाखिल किए जा सकेंगे। नामांकन के बाद 15 जून से 18 जून तक स्क्रूटनी की प्रक्रिया चलेगी। इसके बाद सदस्यता अभियान और चुनाव प्रक्रिया एक साथ ऑनलाइन माध्यम से होगी। इसमें युवा कांग्रेस में सदस्य बनने और चुनाव लड़ने के लिए उम्र सीमा 18 से 35 साल तय की गई है। आवेदन करने वाले युवाओं को अपना लाइव फोटो, वोटर आईडी कार्ड और उम्र संबंधी दस्तावेज डिजिटल रूप से अपलोड करने होंगे। इसके अलावा आवेदन के साथ 8 सेकेंड का वीडियो भी अपलोड करना अनिवार्य किया गया है, जिसमें आवेदक को खुद आवेदन से जुड़ी जानकारी देनी होगी।

■ **सदस्यता अभियान और चुनाव साथ-साथ होंगे**

### एक व्यक्ति, एक पद

चुनाव प्रक्रिया में "एक व्यक्ति-एक पद" का नियम लागू रहेगा। कोई भी उम्मीदवार सिर्फ एक पद के लिए ही नामांकन दाखिल कर सकेगा। नामांकन दाखिल करते ही उसे अपने पुराने पद से मुक्त माना जाएगा। साथ ही युवा कांग्रेस में प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश महामंत्री जैसे अहम पदों पर नियुक्ति राष्ट्रीय नेतृत्व की मंजूरी के बाद होगी। इसके लिए उम्मीदवारों का दिल्ली में युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के सामने इंटरव्यू भी लिया जाएगा। पार्टी सूत्रों के मुताबिक चुनाव के साथ-साथ सदस्यता बढ़ाने का लक्ष्य भी पदाधिकारियों को दिया गया है।



## खबर संक्षेप

### पड़ोसी ने की शिक्षिका से मारपीट, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** मकान की मरम्मत के दौरान विवाद होने पर पड़ोसी ने शिक्षिका के साथ गाली गलौज कर मारपीट कर दी। पुलिस ने हमलावर मां बेटे, बेटी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, अन्नपूर्णा कालोनी निवासी स्वन्पा तिवारी पति जगदीश तिवारी सिलपहरी धूमा शासकीय स्कूल में शिक्षिका हैं। उनके पति काम से बाहर गए हैं और उनके बच्चे भी बाहर पढ़ाई कर रहे हैं। 23 मई की सुबह 10.45 बजे पड़ोसी उर्मिला विश्वकर्मा उनके मकान के कालम में प्लास्टर करा रही थीं। उन्होंने अपने घर के कालम में प्लास्टर करने से मना किया तो उर्मिला विश्वकर्मा, उनका बेटा गोलवा विश्वकर्मा, शिखा विश्वकर्मा गाली गलौज करने लगे। मना करने पर तीनों आक्रोशित होकर मारपीट की। पुलिस ने श्रीमती तिवारी की रिपोर्ट पर हमलावर मां, बेटा, बेटी के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### म्यूचुअल फंड से साढ़े चार लाख ट्रांसफर

**बिलासपुर।** एक व्यक्ति के म्यूचुअल फंड से साढ़े चार लाख रुपए ट्रांसफर कर आनलाइन ठगी कर ली गई है। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है। तारबाहर थाना प्रभारी रामनरेश यादव ने बताया, क्रांतिनगर निवासी रत्नेश दुबे पिता रमेश प्रसाद दुबे ने रिपोर्ट लिखाई। आईसीआईसीआई बैंक के माध्यम से उन्होंने म्यूचुअल फंड में निवेश किया है। अज्ञात फोलियो नम्बर का आईडी धारक उनके म्युचुअल फंड से तीन अलग अलग आईडी में पैसा ट्रांसफर कर रहा था। बैंक के अधिकारी कर्मचारियों की सक्रियता से दो आईडी में पैसा ट्रांसफर होने से रोक लिया गया, किन्तु एक आईडी में उनके म्यूचुअल फंड से 4 लाख 49 हजार रुपए ट्रांसफर हो गया है। बैंक अधिकारियों के द्वारा श्री दुबे को जानकारी दी गई। उसके बाद उन्होंने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात फोलिया नम्बर आईडी धारक के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में जुट गई है।

### स्काउट एंड गाइड यात्रियों को दे रहा शीतल पेयजल

**बिलासपुर।** भीषण गर्मी के मौसम में ट्रेन में सफर करने और ट्रेन का इंतजार करने वाले यात्रियों के लिए रेल प्रशासन शीतल पेयजल के साथ शरबत और अन्य ठंडे पेय पदार्थ की व्यवस्था कर रही है। इसके तहत स्काउट एंड गाइड आंदोलन की सेवा एवं समाज हित की भावना को ध्यान में रखते हुए आयोजित अभियान के अंतर्गत स्टेशन पर आने-जाने वाले यात्रियों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराया गया। इसमें 10 स्काउट्स एवं 15 गाइड्स ने सक्रिय सहभागिता निभाई, जिसमें डीओसी गाइड आरती मुदलियार, मंडल ट्रेजरर शशिकांत राऊत, ग्रुप लीडर स्काउट मनीष बनकर, गाइड लीडर श्रद्धा वाघमारे, स्काउटर आबिद अख्तर, कमल ग्रुप की गाइडर कुमुद एवं शिवानी बोयर उपस्थित थे।

### मरम्मत कार्य करने बंद होगा नहरपाली फाटक

**बिलासपुर।** आवश्यक मरम्मत कार्य करने के लिए नहर पाली समपार फाटक को बंद करने का निर्णय लिया गया है। रेलवे के अनुसार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर रेल मंडल अंतर्गत भूपदेवपुर से राबर्टसन स्टेशन के बीच स्थित मानव सहित समपार नहरपाली फाटक को 26 एवं 27 मई की सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक आवश्यक मरम्मत कार्य करने के लिए बंद किया जाएगा।

केंद्र की नई 'एसएनए स्पर्श' प्रणाली में फंसा पेंच | बड़ी संख्या में लाचार लोग निगम पहुंच रहे, लेकिन थोड़ा इंतजार का आश्वासन

# 32 हजार से अधिक हितग्राही पेंशन के लिए 6 महीने से लगा रहे निगम का चक्कर

**बिलासपुर।** जिले में केंद्र सरकार की पेंशन योजनाओं का भुगतान पिछले 6 महीनों से अटका हुआ है, जिससे हजारों हितग्राही दाने-दाने को मोहताज हो रहे हैं। पेंशन राशि नहीं मिलने के कारण बुजुर्ग, विधवा और दिव्यांग हितग्राही लगातार नगर निगम कार्यालय के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। हर दिन बड़ी संख्या में लाचार लोग अपनी पेंशन की जानकारी लेने निगम पहुंच रहे हैं, लेकिन उन्हें वहां से केवल थोड़ा और इंतजार करने का कोरा आश्वासन दिया जा रहा है। आधिकारिक

- सभी निगमों, पंचायतों और परिषदों को जारी आधिकारिक पत्र

#### सब्र का बांध टूट रहा, बढ़ती जा रही नाराजगी

इधर समाज कल्याण विभाग द्वारा 28 अप्रैल 2026 को सभी नगर निगमों, जनपद पंचायतों और नगर पालिका परिषदों को जारी आधिकारिक पत्र में इस देरी की वजह स्पष्ट की गई है। पत्र में कहा गया है कि भारत सरकार द्वारा नई 'एसएनए स्पर्श' प्रणाली लागू किए जाने के कारण केंद्रीय पेंशन योजनाओं की राशि जारी होने में तकनीकी विलंब हुआ है। हालांकि विभाग का दावा है कि केंद्र सरकार से 'मदर सैंक्शन' (मुख्य स्वीकृति) प्राप्त होते ही सभी हितग्राहियों के खातों में लंबित पेंशन राशि एरियर्स (बकाया) सहित एक साथ जमा कर दी जाएगी। हालांकि, लंबे समय से भुगतान नहीं मिलने के कारण अब हितग्राहियों के सब्र का बांध टूट रहा है और उनमें नाराजगी बढ़ती जा रही है।

#### दवा, मासिक राशन और दूसरे खर्च भी मुश्किल हुए

महिलाओं ने अपना दर्द बयां करते हुए कहा कि वे अपनी दैनिक आजीविका के लिए पूरी तरह इसी सरकारी पेंशन राशि पर निर्भर हैं। पिछले छह महीनों से पेंशन बंद होने के कारण उनके सामने दवा, मासिक राशन और अन्य जरूरी घरेलू खचर्चों को पूरा करना बेहद मुश्किल हो गया है। हितग्राहियों का सीधा आरोप है कि वे नगर निगम के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन अधिकारी उन्हें भुगतान की कोई निश्चित तारीख बताने को तैयार नहीं हैं। इससे हजारों जरूरतमंदों को गंभीर आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बुजुर्ग, विधवा और दिव्यांग पेंशनधारी अपनी दवाइयों और राशन जैसी बुनियादी जरूरतों के लिए पूरी तरह इस राशि पर निर्भर रहते हैं, इससे जीवन यापन का संकट खड़ा हो गया है।

जानकारी के अनुसार, नगर निगम रायपुर क्षेत्र में 'इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना' के तहत 10 हजार 863 हितग्राही पंजीकृत हैं। इन हितग्राहियों को प्रतिमाह 500 रुपये पेंशन राशि दी जाती है। वहीं 'इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना' के तहत 6 हजार 644 हितग्राहियों को हर माह 500 रुपए दिए जाते हैं। इसके अलावा 'इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना' के हितग्राहियों को भी प्रतिमाह 500 रुपए की सहायता राशि मिलती है। दुखद पहलू यह है कि इन सभी योजनाओं को मिलाकर जिले के कुल 12 हजार 178 हितग्राहियों का भुगतान पिछले छह माह से लंबित है।

#### हर महीने मिलते हैं 2 करोड़ रुपए

निगम अधिकारियों के मुताबिक सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत मिलने वाली पेंशन राशि हर महीने करीब दो करोड़ रुपए की होती है। इसमें किसी योजना में 500 तो किसी में एक हजार मिलता है। एक दो योजनाओं में 650 रुपए की सहायता राशि भी जाती है। निगम की उप नेता प्रतिपक्ष श्रीमती संतोषी रामा बघेल ने कहा है कि फंड की कमी से शहर में विकास कार्य भी प्रभावित हो रहें हैं। राज्य सरकार पेंशन तक नहीं दे पा रही है, ऐसे में हितग्राहियों को छोटी जरूरतों के लिए भी परेशान होना पड़ रहा है।

#### एकमुश्त दी जाएगी राशि

केन्द्र द्वारा नई 'एसएनए स्पर्श' प्रणाली लागू किए जाने के कारण केंद्रीय पेंशन योजनाओं की राशि जारी होने में तकनीकी विलंब हुआ है। हालांकि केंद्र सरकार से मुख्य स्वीकृति प्राप्त होते ही सभी हितग्राहियों के खातों में लंबित पेंशन राशि एरियर्स बकाया सहित एक साथ जमा कर दी जाएगी।

- **श्रीमती पूजा विधानी**, महापौर

12 दिनों के बाद सरकंडा के घरों में पहुंचा साफ पानी

# बरसों पुरानी क्षतिग्रस्त पाइप लाइन बदली गई, दर्जनों अवैध नल कनेक्शन काटे गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आखिरकार करीब 12 दिनों के बाद सरकंडा के सैकड़ों घरों में गंदा पानी पहुंचना बंद हुआ। निगम की टीम ने पूरे क्षेत्र की पाइप लाइन को खाली करते हुए सफाई की। साथ ही अशोकनगर पानी टंकी से सप्लाई काटते हुए मेलापारा पानी टंकी से सप्लाई शुरू की गई। इस दौरान एक एक-घर का सर्वे करते हुए पानी का सैंपल लिया गया।दो मोहल्लों में पाइप लाइन बदली गई है तो 30 से अधिक अवैध कनेक्शन जो कि नालियों के बीच से गुजरे थे उन्हें काटा गया है। निगम अधिकारियों के अनुसार मुख्य सड़क से गुजरी और ब्रांच लाइन की जांच की गई।इसमें पाया गया कि अधिकांश लोगों ने अवैध नल कनेक्शन के लिए बीच से पाइप लाइन को काट दिया है। इसमें घरेलू कनेक्शन में अधिक गड़बड़ी मिली। इसी तरह और भी लीकेज पाया गया। पुरानी पाइपलाइन, लीकेज और सप्लाई लाइन में जमा गंदगी को इसकी वजह माना जा रहा है।

निगम के मुताबिक कपिल नगर सरकण्डा क्षेत्र में गंदे पानी आने की शिकायत पर जोन क्रमांक 08 के जल प्रदाय शाखा एवं मुख्य कार्यालय के जल विभाग के संयुक्त टीम द्वारा वार्ड पार्षद एवं नागरिको की उपस्थिति में निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि नगरोत्थान योजनान्तर्गत अशोक नगर से बिरकोना मार्ग पर निर्माणाधीन मार्ग एवं नाला निर्माण के खुदाई कार्य के दौरान कपिलनगर सरकण्डा क्षेत्र हेतु विस्तारित डिस्ट्रीब्यूशन पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हुई थी। इसके बाद सुधार कार्य शुरू किया गया। कपिल नगर क्षेत्र के घरेलू नल संयोजन की जांच की गई। साथ ही 20 घरेलू कनेक्शन क्षतिग्रस्त होने के कारण कनेक्शन काटा गया है। इस क्षेत्र में प्रदाय किए जाने वाले जल के सेम्पल लिए गए है, एवं परीक्षण हेतु भेजे गए है।



#### अशोकनगर बिरकोना पाइप लाइन बंद

सुधार कार्य के दौरान नगरोत्थान योजना अंन्तर्गत प्रगतिरत कार्य अशोक नगर चौक से बिरकोना रोड से विस्तारित पाइप लाईन से कपिल नगर सरकण्डा क्षेत्र का जलप्रदाय काट दिया गया है एवं वैकल्पिक रूप से मेलापारा क्षेत्र के पाईप लाईन से जल प्रदाय किया जा रहा है। इसके साथ ही कपिल नगर क्षेत्र के पाइप लाइन का स्कावरिंग एवं पाईप लाइन क्लोरिनेशन का कार्य किया गया है। निगम के मुताबिक क्षेत्र के जल प्रदाय पर जनप्रतिनिधि एवं नागरिको के साथ मिलकर लगातार संयुक्त निगरानी की जा रही है। पार्षद श्रीमती सीमा राजेश शुक्ला के मुताबिक फिलहाल गंदे पानी की शिकायत दूर कर ली गई है।

#### काटी गई लाइन और घरों के कनेक्शन

निगम ने रविवार को भी दिन भर मरम्मत कार्य अभियान चलाया। इस दौरान सरकंडा में ग्लैमर ब्यूटी पार्लर वाली गली की पूरी पाइप लाइन बदली गई।इसके साथ ही वार्ड नंबर 62 के कच्छ गुर्जर भवन के पीछे की गलि से गुजरी पाइप लाइन को काटकर अलग पहले ही अलग कर दिया गया था। इसके बाद तीन और गलियों के साथ ही अशोकनगर से गुजरी मुख्य पाइप लाइन की जांच और सुधार किया गया। इसमें नेपाली मोहल्ला, कपिल नगर के साथ ही ग्लैमर ब्यूटी पार्लर वाली गली में भी इस तरह की समस्या मिली। नेपाली मोहल्ले में शाम को सा पानी आया और लोगों ने राहत की सांस ली।

#### सरकंडा के इन क्षेत्रों में भी समस्या

वार्ड क्रमांक 61 पं देवकीनंदन दीक्षित नगर के पार्षद राजेश दुसेजा ने बताया कि पिछले दो दिनों से महामाया चौक सरकंडा में बोर का पंप जल जाने के कारण चटर्जी गली क्षेत्र में पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर दो दिनों से मोहल्ले में टेंकर सप्लाई किया जा रहा है। दुसेजा ने बताया कि जोन में पंप उपलब्ध नहीं होने के कारण पंप को रिपेयरिंग के लिए दिया गया है, पंप आने पर जल्द ही पानी की सप्लाई सुचारू रूप होने का अनुमान है। उन्होंने बताया कि तिर्थानी गली और गुजराती चौक के पास पाइप लाइन में जंक लगने के बाद उसमें लीकेज हो गया है, इसकी शिकायत मिलने पर पाइप लाइन बदलने का कार्य कराया जा रहा है।

# झारखंड की महिला ने प्रेमी व दो साथियों के साथ मिलकर की पति की हत्या

लाश सिरगिट्टी में फेंककर महिला व उसका प्रेमी हो गए फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

झारखंड की महिला अपने पति को बिलासपुर लेकर आई और अपने प्रेमी व उसके साथियों के साथ मिलकर गला दबाकर व चाकू से गला रेतकर उसकी हत्या कर दी। उसके बाद लाश सिरगिट्टी क्षेत्र के रेलवे लाइन के किनारे फेंककर फरार हो गई। झारखंड पुलिस महिला लेकर शहर लेकर आई तो यहां उसके पति की सड़ी गली लाश मिली है। पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर लिया है।

- पुलिस ने महिला को किया गिरफ्तार

सिरगिट्टी टीआई अभय सिंह बैस ने बताया, झारखंड सिमडेगा निवासी पूनम लिमगा पति विनोद लिमगा की 4 साल पहले सोशल मीडिया फेसबुक के माध्यम से झारखंड निवासी सुगड़ तोपड़ो से दोस्ती हुई। बातचीत के दौरान दोनों के बीच प्रेम संबंध हो गया। पूनम अपने पति बच्चों को छोड़कर अपने प्रेमी सुगड़ तोपड़ो के साथ घर छोड़कर भाग गई थी। 15 दिन उसके साथ रहने के बाद फिर से अपने घर पति बच्चों के पास लौट गई।

#### पैसा देने का लालच देकर शहर बुलाया

लौटने के बाद पूनम ने अपने प्रेमी के साथ पति की हत्या करने की योजना बनाई। योजना के तहत प्रेमी सुगड़ तोपड़ो अपने दोस्त इंदल मांझी व एक अन्य के साथ बिलासपुर सिरगिट्टी आ गया। उसके बाद प्रेमिका के पति को फोन कर बिलासपुर सिरगिट्टी आकर 10 हजार रुपए देने व उसकी पत्नी को छोड़ देने का लालच दिया। विनोद लिमका तैयार हो गया और उसकी पत्नी पूनम लिमगा भी साथ आने जाने की बात कहीं। 19 मई को पति पत्नी झारखंड से बिलासपुर सिरगिट्टी आए।



#### 6 दिन बाद रविवार को मिली सड़ीगली लाश

पूनम लिमगा के घर लौटने पर परिजन ने उससे पति विनोद के संबंध में पूछताछ की। वह गोलमोल जवाब दे रही थी। परिजन ने झारखंड में विनोद के लापता होने की रिपोर्ट लिखाई। मृतक के मोबाइल लोकेशन के आधार पर झारखंड पुलिस ने पूनम लिमगा से पूछताछ की तो उसने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या कर लाश बिलासपुर सिरगिट्टी में फेंकने की जानकारी दी। 24 मई 2026 को झारखंड पुलिस महिला को लेकर शहर आई और सिरगिट्टी पुलिस को जानकारी दी। सिरगिट्टी व झारखंड पुलिस रेलवे ट्रैक के पास पतासाजी की तो झाड़ियों के बीच विनाद लिमगा की सड़ीगली लाश मिली। सिरगिट्टी पुलिस हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी पत्नी पूनम लिमगा को गिरफ्तार कर लिया है।



मृतक।



आरोपी महिला।

#### दुपट्टा से गला दबाकर चाकू से रेता गला

पति पत्नी के सिरगिट्टी पहुंचने पर सभी लोग सिरगिट्टी रेलवे ट्रैक के किनारे सुनसान जगह में गए। उसके बाद पत्नी, प्रेमी व उसके दोस्तों ने विनोद लिमका के साथ मारपीट कर महिला के दुपट्टा से गला दबा दिया। फिर चाकू से गला रेतकर मौत के घाट उतारकर झाड़ियों व कीचड़ में लाश फेंककर झारखंड लौट गए।

#### टीम झारखंड रवाना

पुलिस ने मृतक की लाश मरच्यूरी में रखवा दिया है। सोमवार को सिम्स में पोस्टमार्टम किया जाएगा। पुलिस टीम हत्याकांड के फरार आरोपी महिला के प्रेमी व उसके सहयोगियों को पकड़ने के लिए झारखंड रवाना हो गई है।

## संपर्क क्रांति में पकड़ा गया 4 लाख का गांजा

**बिलासपुर।** संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में रायपुर से कटनी होकर प्रयागराज तक जाने वाले एक व्यक्ति के पास से जीआरपी की टीम ने चार लाख रुपए का गांजा जब्त किया है। आरोपी के पास से गांजा जब्त करने के बाद एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

गांजा तस्करी के खिलाफ लगातार हो रही सख्त कार्रवाई के बाद तस्करों ने अब ट्रेनों को अपना ठिकाना बना लिया है। यात्रियों की भीड़ का फायदा उठाकर मादक पदार्थों की खेप एक राज्य से दूसरे राज्य तक पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। इसके तहत जीआरपी की टीम ने संपर्कक्रांति एक्सप्रेस में बड़ी कार्रवाई करते हुए बैग में छिपाकर ले जा रहे 41 किलो गांजा को जब्त किया है। जानकारी के अनुसार जीआरपी को मुखबिर से सूचना मिली कि दुर्ग से उसलापुर होकर निजामुद्दीन की ओर जाने वाली संपर्कक्रांति एक्सप्रेस कें जनरल कोच में एक यात्री के पास गांजा रखा हुआ है।



आरोपी।

विशेष अभियान के तहत ट्रेन के स्टेशन पहुंचते ही जीआरपी की टीम ने घेराबंदी करते हुए जनरल कोच में बैठे यात्री को पकड़कर पूछताछ की। गाजियाबाद निवासी अमर मिश्रा 25 साल के पास से करीब 41 किलो गांजा जब्त किया गया। पूछताछ में उसने बताया कि वह गांजा को ओडिशा से रायपुर और रायपुर से कटनी के बाद प्रयागराज लेकर जा रहा था। जीआरपी की टीम ने गांजा जब्त करने के बाद आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 बी के तहत कार्रवाई की है।

## धर्म परिवर्तन को लेकर हंगामा, तीन गिरफ्तार

**बिलासपुर।** धर्म परिवर्तन को लेकर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा मचाया। उसके बाद पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

24 मई को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को जानकारी मिली, सीपत क्षेत्र के ग्राम मोहरा में ग्रामीणों को एकत्रित कर प्रार्थना सभा का आयोजन कर धर्म परिवर्तन कराने की कोशिश की जा रही है। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौके पर पहुंचकर धर्म परिवर्तन का विरोध करते हुए हंगामा मचाने लगे। जिससे कार्यकर्ता व प्रार्थना सभा आयोजित करने वालों के बीच विवाद शुरू हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। कार्यकर्ताओं के आरोप पर पुलिस ने सभा आयोजित करने वाले तीन लोगों को पकड़कर थाने ले आई। टीआई राजेश मिश्रा ने बताया, कार्यकर्ताओं की शिकायत पर सभा आयोजित करने वाले रामस्वरूप सूर्यवंशी पिता नारायण 46 साल मोहरा, जितेन्द्र सूर्यवंशी पिता दिलेश्वर 35 साल रमतला, पंकज कुमार करियारे पिता संतोष करियारे को गिरफ्तार कर लिया है।

#### प्रतिबंधित कफ सिरप बेचते पकड़ाया कबाड़ी

**बिलासपुर।** कबाड़ दुकान की आड़ में प्रतिबंधित कफ सिरप बेचने वाले कबाड़ी को पुलिस ने पकड़ लिया। उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मोपका पुलिस सहायता केंद्र को सूचना मिली कि मोपका रोड मारुती शो रूम के पास स्थित कबाड़ी दुकान का संचालक प्रतिबंधित कफ सिरप बेच रहा है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर दुकान की तलाशी लेने पर प्रतिबंधित कफ सिरप मिला। पुलिस कबाड़ी को हिरासत में लेकर पूछताछ करने में लगी हुई है।

## मिलावटी कोयला लोड करने वाला डिपो संचालक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** दो ट्रक ड्राइवरों से सांठगाठ कर उच्च क्वालिटी का कोयला लेकर गाड़ी में मिलावटी कोयला लोड करने वाले कोल डिपो संचालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोयले की अफरा तफरी करने वाले दोनों ट्रक ड्राइवर फरार हैं।

हिर्री टीआई दामोदर मिश्रा ने बताया, पेंड्रा निवासी आशीष केशरी पिता स्व. रमेश केशरी 46 साल कोल परिवहन व लिफ्टिंग का काम करते हैं। उन्होंने एसईसीएल रामपुर की कोयला खदान से ट्रक क्रमांक सीजी 12 एस, 8901 एवं सजी 04 एचएक्स, 4888 उच्च क्वालिटी का कोयला लोड कराकर ब्रज आयरन एण्ड लिमिटेड कंपनी डिघोरा भेजा था। प्लांट के अंदर कोयला पहुंचने पर वहां केमिस्ट द्वारा लेब परिक्षण कराने से दोनों ट्रक के कोयला में मिलावटी पाया गया। जानकारी होने पर ट्रांसपोर्टर श्री केसरी ने दोनों ड्राइवर से पूछताछ की तो उन्होंने पेण्ड्रीडीह चौक स्थित कोलडिपो में बेचना बताया। पुलिस ने श्री केसरी की रिपोर्ट पर बीएनएसी की धारा 316, 3, 317, 2, 317, 4, 3, 5 के तहत कोलडिपो संचालक चकरभाठा निवासी रामकुमार आर्य पिता राजकुमार आर्य 49 साल को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं दोनों ट्रक ड्राइवर फरार हैं।





गिरफ्तार आरोपी।

#### ट्रांसपोर्टर से रंगदारी करने वाला गिरफ्तार

अफरा तफरी की जानकारी होने पर ट्रांसपोर्टर ने कोलडिपो जाकर संचालक से कोयले की जानकारी ली और रिपोर्ट लिखाने जाने की बात कही तो डिपो के कर्मचारी केसला बिल्हा निवासी अश्वनी कुमार साहू पिता तुलसी राम साहू 35 साल ने रंगदारी दिखाते हुए उल्टा उनसे ही पैसे की मांग करने लगा। पुलिस ने बीएनएसी की धारा 308, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर अश्वनी कुमार साहू को गिरफ्तार कर लिया है।

## आनलाइन सट्टा खिलाते 4 सटोरिए गिरफ्तार, साढ़े 13 लाख नकद जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पुलिस ने विभिन्न खेलों में आनलाइन सट्टा खिलाते नाबालिग सहित चार सटोरियों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से 13 लाख 48 हजार रुपए नकद, एक कार, एक स्कूटी, 5 मोबाइल, 27 एटीएम कार्ड जब्त किया गया है।

- मंगला चौक के पास मोबाइल से खिला रहा था आनलाइन सट्टा

सिविल लाइन पुलिस को सूचना मिली मंगला चौक के पास कुछ सटोरियों के द्वारा मोबाइल के माध्यम आनलाइन सट्टा खिलाया जा रहा है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर कार व स्कूटी सवार संतोष जसवानी पिता स्व. हरिलाल जसवानी 34 साल हेमूनगर, करन श्रीवास पिता देवी प्रसाद श्रीवास 20 साल नयापारा सिरगिट्टी, आशीष जसवानी पिता अमेश जसवानी 20 साल बीआर हास्पिटल के पास बिलासपुर व एक कटनी के नाबालिग को पकड़ा। उनके पास से 13 लाख 48 हजार रुपए नकद, 5 मोबाइल, 27 नग एटीएम कार्ड बरामद किया गया है।







#### जब्त रकम सट्टा हवाला का पैसा

खबर है कि विभिन्न खेलों में आनलाइन सट्टा खिलाने वाले महेश नामक खाईवाल रायपुर का रहने वाला है। वह सट्टे की रकम हवाला के माध्यम से लेता था। इसके लिए उसने आरोपी आशीष जायसवानी को रखा था। आशीष विभिन्न एटीएम के माध्यम से पैसा निकालकर एकत्रित कर हवाला के माध्यम से रायपुर में खाईवाल के पास पहुंचाता था। उसके एवज में उसे 25 हजार रुपए कमिशन मिलता था।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

online Booking:-www.tripuryatra.com



सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
28 जुलाई, 11 अगस्त, 08 सितम्बर, 29 सितम्बर 2026 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मानाभ स्वामी)
नोट :- स्पेशल ट्रेन में त्रिवेंद्रम पद्मानाभ स्वामी नहीं रहेगा।
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411